हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 03.10.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 74 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण

योजना लागत
₹224.94 करोड़

फ्लाईओवर की लम्बाई
2240 मीटर

फ्लाईओवर की चौड़ाई
16.6 मीटर

₹3264.00 करोड़
की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत
₹2471.90 करोड़

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत
₹792.10 करोड़

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

श्रीमती महुआ माझी
माननीय सांसद, राज्यसभा

श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची

उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतर्गत मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**

PR- 337917 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

एक नजर

भारत-पाक युद्ध के कारण सदैव स्मरण में रहेंगे शास्त्री जी : कुशवाहा

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती अहिंसा दिवस के रूप में तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने राष्ट्रपिता के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा और प्रेम का आधार लेकर अंग्रेजी सत्ता से जुझने वाले इस संत पुरुष से अंग्रेजी सत्ता भी कांपती थी। जनता के बीच रहकर सादा जीवन, उच्च विचार का आदर्श उन्होंने कायम किया। मृत्यु के बाद भी, अपने कीर्ति के बल पर, वे आज भी अमर हैं। प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि छोटी मूर्ति पर महान कीर्ति इस शब्दों में जिनके 18 माह के प्रधानमंत्रित्व काल का वर्णन किया जाता है, वे लाल बहादुर शास्त्री 1965 के भारत-पाक युद्ध के कारण सदैव स्मरण में रहेंगे। मौके पर उपाध्यक्ष मकसूद आलम, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रवि शंकर वर्मा, चन्द्र शेखर मिश्रा, नरेश गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, रेणु कुमारी, मिथिलेश दुबे, राजू चौरसिया, सुनिल अग्रवाल, गुड्डू सिंह, साजिद अली खान, चन्द्र शेखर आजाद, बहादुर सागर, निसार अहमद भोला, दिनेश मेहता, राम कुमार पटेल, आशिफ रजा, अजय प्रजापति, बाबर अंसारी, मो. रब्बानी, अर्जुन सिंह, परवेज अहमद, विजय सिंह, दरगाही खान, चांद आलम, कजरू साव, मुगेश्वर चौधरी, रियाजउद्दिन अंसारी अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ आयोजन

बरही : भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत, 203 कोबरा वाहिनी बरही ने 14 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सफाई के महत्व को समझाना था। गांधी जयंती के अवसर पर, महात्मा गांधी की स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए इस अभियान का समापन बरही चौक में बड़े उत्साह के साथ किया गया। आज के इस आयोजन का नेतृत्व 203 कोबरा वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार और गंगवाने कैलाश संभाजी ने किया। 203 कोबरा वाहिनी के कमांडेंट पवन कुमार सिंह के निदेर्शानुसार, इस स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान में लगभग 100 कोबरा जवानों ने भाग लिया। डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के 150 छात्रों और एन.सी.सी. कैडेट्स ने भी इस अभियान में जोश के साथ सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम की शुरूआत बरही बाईपास से अनुमंडलीय अस्पताल तक दौड़ से हुई। इसके बाद अनुमंडलीय अस्पताल से बरही चौक तक पैदल मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता संदेश दिए गए।स्वच्छता अभियान के दौरान बरही चौक और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई, जिसमें कोबरा जवान, डीएवी विद्यालय के शिक्षक, एन.सी.सी. कैडेट्स और छात्रों ने मिलकर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अभियान में 203 कोबरा वाहिनी के सहायक कमान अधिकारी संजय चौहान, अमित पांडेय और अन्य अधीनस्थ अधिकारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। डीएवी विद्यालय के नरसिंह शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार और इंद्रदेव यादव भी इस अभियान को सफल बनाने में आगे रहे।

रोटी, बेटी, माटी, जल और जंगल की रक्षा भाजपा ही कर सकती है : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग के मटवारी मैदान में जनसभा को संबोधित किया और परिवर्तन यात्रा का यहां समापन कर दिया। साथ ही चुनावी शंखनाद भी बजा दिया। इस दौरान हजारों हजार की संख्या में आम जनता और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे 2 अक्टूबर हजारीबाग के लिए यादगार बन गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों हजार की संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित किया और हजारीबाग की धरती से राज्य में चल रही परिवर्तन यात्रा का भी समापन कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी चुनाव को लेकर भी लोगों को जीत का मंत्र दिया इस दौरान हजारों हजार की संख्या में आम जनता और भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिए उन्होंने जौहर से अपना भाषण शुरू किया। कहा कि हजारीबाग की धरती बेहद खास है। उन्होंने मां भद्रकाली और छिन्नमस्तिका माता को नमन करते हुए अपने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर हजारीबाग आने का मौका मिला ।उन्होंने हजारीबाग में महात्मा गांधी के लगाव के बारे में भी जिक्र किया और कहा कि 1925 में वह हजारीबाग आए थे बापू के विचार और शिक्षा पूरे देशवासियों को प्रेरणा देता है। उन्होंने हजारीबाग से बोला कि पूरा झारखंड उनके दिल के करीब है। उन्होंने कांग्रेस पर तंच करते हुए कहा कि परिवार वादी सोच देश का नुकसान किया है। उन्होंने हजारीबाग में सीजीएल मामले से लेकर राज्य सरकार पैसा लेकर पेपर लिख करवाती है जिसमें लाखों रुपया का खेल होता है। वहीं उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले पर कहा कि झारखंड सरकार जनसंख्या संतुलन खराब कर रही है। वहीं उन्होंने झामुमो पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस उसे परकब्जा कर ली है। पहले और अब के झामुमो में काफी अंतर है। आदिवासी हित की बात करने वाले सरकार ने आदिवासियों के हित के साथ खिलवाड़ की है। आदिवासी इलाकों में एक भी अच्छा विद्यालय नहीं खोला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग से चुनावी शंखनाद करते हुए एक बड़ा बयान दिया है। इन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में बनेगी तो रोटी, माटी, बेटी की रक्षा सुनिश्चितकी जाएगी। महागठबंधन की सरकार ने झूठ की दुकान खोल राज्य को दोनों हाथ से लूट कर अपनी झोली भरली है। साथ ही साथ कहां की झारखंड में परिवर्तन यात्रा के दौरान भरपूर सहयोग आम जनता का मिला है जो स्पष्ट करता है कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, हिमंता विश्वा शर्मा, शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ जुएल उरांव, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल, विद्युत वरन महतो, गोड्डा निशिकांत दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन अर्जुन मुंडा समेत अन्य सांसद व दर्जनों विधायक शामिल थे।

सीओ का बड़ा एक्शन, 70 खीरमोहन दुकानदारों को तीन दिन का अल्टीमेटम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चौपारण : प्रखंड के जीटी रोड चौपारण बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ चौपारण बीडीओ सह प्रभारी सीओ सीमा कुमारी ने बड़ी एक्शन की तैयारी कर ली है। इस सम्बंध में सीओ ने पहले नोटिस जारी कर तीन दिनों का अल्टीमेटम जारी किया है। सीओ द्वारा प्रखण्ड के लगभग 70 से अधिक खिरमोहन दुकानदारों को नोटिस भेजा है। नोटिस के माध्यम से सभी दुकानदारों को सूचित किया गया है कि आप सभी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण में अधिग्रहित भूमि पर दुकान बनाकर अतिक्रमण कर रखे है। सभी को आदेश दिया गया है कि 3 दिनों के अंदर अतिक्रमित भूमि को खाली करने को कहा गया है। अथवा मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को समय 11:00 बजे उपस्थित होकर लिखित एवं मौखिक रूप से अपना पक्ष रखने को कहा गया है। अतिक्रमित भूमि खाली न करने की स्थिति में इसे बलपूर्वक हटाने की भी बात कहा गया है। जिसकी जिम्मेवार दुकानदार स्वयं होगे तथा खर्च की राशि भी दुकानदारों से वसूलने की बात कही गई है।

अनुप्रिया फाउंडेशन एवं वैश्य संघर्ष मोर्चा ने मनायी गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग नगर में अनुप्रिया फाउंडेशन एवं झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म जयंती कार्यक्रम को बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पदयात्रा के साथ हुई। जिसमें अनुप्रिया फाउंडेशन एवं झारखण्ड वैश्य समाज के सभी सम्मानित व सक्रिय सदस्यों ने पंच मंदिर प्रांगण से कुम्हार टोली स्थित गांधी स्मारक तक सत्य और अहिंसा के आचरण को आत्मसात करने की संकल्पना के साथ पदयात्रा की। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह पर फैले कूड़ा, करकट व गंदगी को भी साफ करते हुए स्वच्छ हजारीबाग बनाने का भी प्रण लिया गया। तत्पश्चात तिलक हॉल में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन एवं आदर्शों पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया साव उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड वैसे संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष उगेश्वर साहू एवं संचालन तेली समाज के जिला अध्यक्ष नारायण साव ने किया। स्वागत संबोधन में विजय साव ने प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान परिवेश में गांधी जी एवं शास्त्री जी के विचार प्रासंगिक एवं तर्कसंगत लगते हैं। मुख्य अतिथि अनुप्रिया साव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य के साधक गांधी जी व सादगी की मिसाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन कई मायनों में समान था। गांधी जी के विचारों को शास्त्री जी ने सत्ता के शीर्ष पर रहकर भी जिया। आज हमें गांधी जी जैसे मार्गदर्शक व लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है। दोनों के विचारों को केवल पढ़ने से या बात करने से काम नहीं बनेगा, हमें उन विचारों को अपनाने के साथ साथ जीना भी चाहिए। झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष उगेश्वर साव ने कहा कि आज विश्व युद्ध के जंजाल में जकड़ा हुआ है, जिस आजादी गांधीवादी विचार ही दिला सकते हैं।

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे पहुंचे भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के कार्यालय, हुआ स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड में भाजपा के द्वारा परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन हजार बागों का शहर वीरों की धरती कही जाने वाले हजारीबाग के ऐतिहासिक गांधी मैदान में हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थित हुए। इसी कार्यक्रम ने भाग लेने गोड्डा से चल कर आए गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के कार्यालय पहुंचे निशिकांत दुबे का प्रदीप प्रसाद ने गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद जिसके बाद दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक हजारीबाग की राजनीति और चुनाव की तैयारियों चर्चा हुआ। इस दौरान सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य के सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। इस सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेशी घुसपैठ जगजाहिर है जो राज्य और देश के डेमोग्राफी को प्रभावित कर रहा है भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस चुकी है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आगामी चुनाव में झारखंड के लोग भाजपा के पक्ष में जनमत देंगे और एक मजबूत और विकास को गति देने वाली सरकार बनायेंगे। वहीं भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जैसे लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर तीसरी बार केंद्र की सत्ता उनके हाथों में सौंपा मुझे पूरा भरोसा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी हजारीबाग सहित राज्य के लोग भाजपा के विकासवाद को अपनाते हुए भाजपा को अपना एक - एक मत देकर एक मजबूत डबल इंजन की सरकार बनायेंगे ।

नटराज नगर वासियों के लिए बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी पंचायत के नटराज नगर में बड़कागांव डेली मार्केट से हुरलंगबागी सड़क निर्माण पथ तक बनने वाली पीसीसी पथ का विधायक अंबा प्रसाद ने मंगलवार देर शाम नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण डीएमएफटी मद से अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर हो रही है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि नटराज नगर वासियों के लिए अब बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इस सड़क को बनाने की मांग लंबे समय से ग्रामीण करते आ रहे थे। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल माला से स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विषेश्वरनाथ चौबे, पंचायत अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, पवन महतो, नरेंद्र कुमार, अजीत कुमार, अरविंद मालाकार, रवि कुमार, हरि महतो, रोहित सिंह, चंदन कुमार, गौतम वर्मा, सागर रविदास आदि सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिला में निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिला में जिला परिषद मद के तहत हो रहे चाहरदीवारी के निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्माण कार्य गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है, जिससे उनकी नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने निम्न क्वालिटी की ईंटों के प्रयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी ईंटें जल्दी ही खराब हो सकती हैं, जिससे दीवार कमजोर बनेगी। इसके अलावा, निर्माण में उपयोग हो रही छड़ और बालू भी मानक स्तर के अनुरूप नहीं हैं। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि यदि इसी तरह का कार्य जारी रहा, तो चाहरदीवारी लंबे समय तक टिकने योग्य नहीं होगी और भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि निर्माण स्थल पर शिलापट या कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जो सरकारी निर्माण कार्यों में अनिवार्य होता है। आमतौर पर इन बोर्डों के माध्यम से जनता को निर्माण कार्य और फंड की जानकारी मिलती है, लेकिन इस प्रोजेक्ट में इसकी अनुपस्थिति ने ग्रामीणों को असंतुष्ट कर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि यदि यह कार्य पूरी तरह से पारदर्शी है, तो जानकारी क्यों छिपाई जा रही है? ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी ठेकेदार और प्रशासन को अनियमितताओं के प्रति चेतावनी दी गई थी और अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अब, ग्रामीणों ने फिर से ठेकेदार को गुणवत्ता सुधारने का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही सुधार नहीं हुआ, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे, जिनमें सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव, राजेंद्र यादव, रंजीत लाल धारी यादव, प्रकाश यादव, अभिषेक यादव, रुपेश यादव, सुधीर यादव, उपेंद्र यादव, राजकुमार यादव, वीरेंद्र यादव, तरुण यादव, युवराज यादव, रोहित यादव, मुकेश यादव, विकास यादव, पप्पू यादव, सुरेंद्र यादव, गिरधारी यादव, संदीप यादव, दिनेश यादव, मनीष यादव, अनिल यादव, युवराज यादव, राजेश यादव और सतीश यादव प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी ने मिलकर ठेकेदार से जवाबदेही की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। ग्रामीणों का मानना है कि सरकारी फंड का सही तरीके से इस्तेमाल होना चाहिए ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और यह काम टिकाऊ हो।

संक्षिप्त खबरें

वन्यप्राणी प्रमंडल द्वारा साप्ताहिक प्रभात फेरी निकाली गई

चौपारण : गौतम बुद्ध वन्य प्राणी अश्रयणी, वन्य प्राणी प्रक्षेत्र कोडरमा अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चोरदाहा एवं उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय दनुआ चौपारण में आज स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ वन प्राणी सप्ताह के अवसर पर प्रभात फेरी कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वन प्राणियों का महत्व हमारे जीवन के लिए कितना जरूरी है। वन प्राणियों को कैसे सुरक्षित एवं रक्षा करना है तथा शपथ लिया गया कि हम सब मिलकर वन प्राणियों की रक्षा करेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल प्रभारी वनपाल मोहम्मद अयूब अंसारी ने बताया कि वन प्राणी वन प्राणी एवं वन्य जीवों का होना हमारे जीवन में किस तरह आवश्यक है, वन प्राणियों की रक्षा कैसे करें, वन प्राणियों की हत्या करने पर या वन प्राणियों से संबंधित अपराध करने पर क्या-क्या दंड है और कैसे कानूनी कार्रवाई की जाती है एवं शपथ दिलवाया की हम सब मिलकर वन प्राणियों की रक्षा करेंगे। इस कार्यक्रम के मौके पर वंरक्षी जैनेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार महतो बनकर्मी नरेश यादव, रेवा गंजू, श्रवण कुमार दास एवं दीपक यादव उपस्थित रहे।

कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी

चौपारण : प्रखंड कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास में प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव के नेतृत्व में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। विधायक अकेला ने इस अवसर पर महात्मा गांधीजी और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और गांधी जी के स्वच्छता, समरसता, सत्यनिष्ठा, मानवता और सामाजिक समरसता के मार्गों को अपनाने को ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। वही प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि बापू को जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। उनका जीवन सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित रहा है। जो हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। दोनों नेताओं की शिक्षाएं आज भी प्रेरणा देती हैं और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का यह दिन एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कार्यकताओं को गांधी और शास्त्री जी के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक और कार्यकताओं ने अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के महत्व पर भी चर्चा की और इस दिन के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मंटु यादव, बालकिसुन यादव, प्रहलाद सिंह, विशुंधरी महतो, अब्दुल अजीज, नारायण प्रजापति, सुखदेव यादव, देवलाल साव, यदुनंदन यादव, मिशन सिंह, मोहम्मद अतीक, पंकज रविदास, बीरबल साव, महेश केसरी, देवेंद्र सिंह, अमलेश यादव, मनोज यादव, मोहम्मद गुलबहार, मुकेश यादव, बबलू रविदास इत्यादि सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

अंबा प्रसाद की अचानक बिगड़ी तबीयत अस्पताल में किया गया भर्ती

बड़कागांव: बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद का अचानक तबीयत खराब होने से अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जाता है कि गांधी जयंती के अवसर पर गांधी स्मारक समिति पीटीपीएस में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंची थी पतरातु इसके बाद विभिन्न विकास योजनाओं के शिलान्यास उद्घाटन के क्रम में तबीयत बहुत खराब हो गई इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। फिलहाल विधायक अंबा प्रसाद चिकित्सकों के देखरेख में अस्पताल में ही मौजूद है। चिकित्सकों ने बताया कि अत्यधिक थकान एवं शरीर को आराम नहीं देने के कारण तबीयत में गिरावट आई है जिसके बाद सलाइन एवं अन्य उपचार दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि लगातार क्षेत्र भ्रमण एवं 24 घंटे क्षेत्र में बने रहने के कारण विधायक अंबा प्रसाद सुर्खियों में रहती हैं। विधायक अंबा प्रसाद के दिनचर्या अहले सुबह से शुरू होती है जहां आवास में आए लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद देर रात तक क्षेत्र में बनी रहती हैं।

अटल विचार मंच ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

हजारीबाग : अटल विचार मंच, बरही, विधानसभा के मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर बड़े ही उत्साह और हर्ष पूर्वक बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अटल विचार मंच के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र कुमार ने किया इस हर्ष पूर्ण अवसर पर शैलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब राष्ट्रपिता बापू वह शास्त्री जी का भारत अटल जी के दिखाएं मार्ग पर चलकर बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। आज की राजनीतिक परिदृश्य एकदम अलग है, आज व्यक्तिवादी राजनीति हावी है। पार्टी में भाजपा के निर्माण कताओं का कहीं नाम नहीं होता है। सिर्फ और सिर्फ मोदी नाम केवलम जपा जा रहा है। आज यशवंत सिन्हा जी के पुनः राजनीति में सक्रिय हो जाने से व्यक्तिवादी भाजपा और अन्य दलों में काफी बेचैनी दिखाई पड़ रही है।आज भाजपा के सभी बड़े नेता आज हजारीबाग का चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। मगर अब झारखंड की जनता सब समझ रही है और सही समय पर इसका सही जवाब भी जरूर देगी। बापू शास्त्री और अटल जी कभी भी व्यक्तिवादी नहीं रहे, वे सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। उन्हीं के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर आज यशवंत सिन्हा जी के नेतृत्व में अटल विचार मंच समाज के सभी वर्गों का सम्मान करते हुए उन सबके सहयोग लेकर मजबूती से झारखंड का विकास करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अमर रहे, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे तथा अटल बिहारी वाजपेई जी अमर रहे के उदघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 03.10.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 74 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

पीएम ने हजारीबाग में 80,000 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

जनजातीय संस्कृति को संजोने वाले झारखंड से उनका और भाजपा का दिल का रिश्ता : मोदी

- लगभग 550 जिलों के 63,000 आदिवासी गांवों को लाभ पहुंचाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया।
- 40 एकलव्य विद्यालयों का उद्घाटन किया और 25 एकलव्य विद्यालयों की आधारशिला भी रखी।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जयंती पर बुधवार को हजारीबाग में 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया। इसके अलावा 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन किया और 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखी। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी किया।

मोदी ने हजारीबाग के मटवारी मैदान में परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम पर करीब 80 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस अभियान के तहत करीब 550 जिलों में 63,000 आदिवासी बहुल गांवों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी विकास के लिए महात्मा गांधी का विजन, उनके विचार हमारी पूंजी हैं। गांधी जी का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है जब आदिवासी समाज का तेजी से विकास होगा। मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि आज हमारी सरकार आदिवासी उत्थान पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है।

प्रधानमंत्री ने 15 सितंबर की अपनी जमशेदपुर यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर झारखंड की विकास यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। पिछले दिनों मैंने जमशेदपुर से झारखंड के लिए सैकड़ों करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि उस दिन झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के तहत अपना पक्का घर मिला था। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए एक ओर दिन-रात मेहनत कर रही है, वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार झारखंड के विकास को पटरी से उतारने में लगी है। आज झारखंड का बच्चा-बच्चा जान चुका है कि झारखंड के विकास में सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस-झामुमो और राजद का गठजोड़ है। झारखंड तभी आगे जाएगा, जब ये सरकार हटेगी। झारखंड तभी आगे जाएगा, जब यहां परिवर्तन होगा।

झारखंड उन्हें बार-बार बुलाता है और वे बार-बार दौड़े चले आते हैं

मोदी ने कहा कि झारखंड की धरती ने जनजातीय संस्कृति को संजोया है। इसने भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणा को संजोया है। गांधी जयंती के अवसर पर उन्हें यहां आने का सौभाग्य मिला है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 1925 में महात्मा गांधी हजारीबाग आए थे। बापू के विचार, बापू की शिक्षाएं हमारे संकल्पों का हिस्सा हैं। गांधी जंयती पर उन्हें नमन। झारखंड के साथ भाजपा और उनका एक विशेष रिश्ता बन गया है। ये रिश्ता दिल का रिश्ता है। साझे सपनों का रिश्ता है। इसलिए झारखंड उन्हें बार-बार बुलाता है और वे बार-बार दौड़े चले आते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद के लोगों ने झारखंड को अपनी लूट का ठिकाना बना रखा था। जल-जंगल-जमीन की खुलेआम लूट होती थी। इस इलाके को इन्होंने अपराधियों-माफियाओं का सेफ हाउस बना रखा था और राजद वालों को दिल्ली से कौन शह दे रहा था? वह पार्टी कोई और नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी थी। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में भी प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार करने से पीछे नहीं हट रही है। ये गरीब के राशन का पैसा डकार रहे हैं। जल जीवन मिशन में भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। यहां कांग्रेस के नेताओं के ठिकाने से सैकड़ों करोड़ बरामद होते हैं। यहां नेताओं के नौकरों के घरों से भी करोड़ों रुपये पकड़े जाते हैं। उन्होंने सुना है कि अब जब इनकी विदाई होने को है तो इन्होंने भ्रष्टाचार की स्पीड और स्केल दोनों बढ़ा दिए हैं।

टीपीसी ने ली हजारीबाग के केरेडारी में हाइवा में आगजनी की जिम्मेदारी

हजारीबाग : जिले के केरेडारी में सोमवार की देर रात पांच हाइवा को आग के हवाले कर दिया गया था। ये सभी हाइवा कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगी थी। इसको लेकर टीपीसी उग्रवादी संगठन ने बुधवार को इस घटना का जिम्मा लिया है। साथ ही बीकेएस तिवारी ग्रुप के उस दावे का खंडन भी किया, जिसमें आगजनी की जिम्मेदारी ली गई थी। टीपीसी ने कहा है कि हमारे संगठन की बात नहीं मनाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीपीसी ने कहा है कि बड़कागांव, केरेडारी और टंडवा माइंस क्षेत्र में चल रहे तमाम कोयला कंपनियों और अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि आप कोयला का काम कर रहे हैं। आप हमारे संगठन से बात करके काम करना होगा। 30 सितंबर को चट्टी बरियातू में आगलगी और गोलीबारी को हमारे संगठन द्वारा किया गया है और अगस्त माह में सदबाह नदी में जो गोलीबारी हुआ हमारे संगठन द्वारा किया गया था। तमाम गाड़ी मालिक, चालक और उपचालक को कड़ी चेतावनी दी जा रही है कि जब तक कंपनी संगठन से बात करके काम नहीं करती है तब तक आप लोग गाड़ी रोड में नहीं चलाएं, नहीं तो जो नुकसान होगा इसके जिम्मेदार आप खुद होंगे।

मुख्यमंत्री आज ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 का करेंगे उद्घाटन

रांची : राज्य का पहला बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 सुकरहुटू में बनकर तैयारहै। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन अक्टूबर को इसका उद्घाटन करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ट्रांसपोर्ट नगर फेज-2 की आधारशिला भी रखेंगे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल अंसारी, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी और कांके विधायक समरी लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

मुख्यमंत्री ने दी गांधी जयंती की शुभकामनाएं

रांची : गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीटर पर लिखा है, गांधी जयंती के अवसर पर झारखण्ड समेत समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं। अहिंसा, प्रेम, सत्याग्रह और स्वतंत्र जीवन के बापू के विचार मानव जाति को व्यवस्थित और संकल्पित होकर समाज के समग्र विकास में महती भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन।

आधारभूत संरचना का हो रहा विकास

अबुआ आभार हेमन्त सरकार

ट्रांसपोर्ट नगर फेज 1 सुकुरहुटू का उद्घाटन एवं फेज- II का भूमि पूजन

ट्रांसपोर्ट नगर फेज I की विवरणी:

- योजना लागत ₹113.24 करोड़
- कुल क्षेत्रफल 40.68 एकड़
- निर्माण अवधि 24 माह
- अधिकतम 22 मीटर लम्बाई वाले भारी मालवाहक वाहनों हेतु 424 पार्किंग
- 3400 एवं 6100 वर्गमीटर का वेयरहाउस
- 120 टन क्षमता के दो धर्मकांटा
- मालवाहक वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु सर्विस स्टेशन इत्यादि

ट्रांसपोर्ट नगर फेज II की विवरणी:

- योजना लागत ₹57.82 करोड़
- कुल क्षेत्रफल 9.12 एकड़
- निर्माण अवधि 18 माह
- अधिकतम 14 मीटर लम्बाई वाले भारी मालवाहक वाहनों हेतु 256 पार्किंग
- G-3 इंटीग्रेटेड बिल्डिंग
- मालवाहक वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु सर्विस स्टेशन इत्यादि

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद, रांची लोकसभा

श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग, झारखण्ड

श्रीमती महुआ माझी
माननीय सांसद, राज्यसभा

श्री समरी लाल
माननीय विधायक, कांके

दिनांक 03 अक्टूबर 2024
समय: मध्याह्न 12:00 बजे
स्थान: सुकुरहुटू ITBP कैंप के निकट, रिंग रोड, रांची

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 337919 (IPRD) 24-25

एक नजर

सीआईएसफ अवैध कोयला कारोबार पर लगा रही है विराम

धनबाद : ईस्ट बसुरिया ओपी अंतर्गत गोदुडीह खटाल के समीप अवैध कोयला भंडारण हो रहे स्थल पे पुलिस व सीआइएसएफ ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर कोयले को जप्त किया, जप्त 35 टन कोयले को बीसीसीएल प्रबंधन को सपुर्द कर दिया गया। सीआइएसएफ द्वारा बताया गया कि किसी भी कीमत पर अवैध कोयले का कारोबार चलने नहीं दिया जाएगा, अवैध कारोबारियो के खिलाफ यह पांचवा करावाई है, जिसे अवैध करोबारीयो में हड़कंप मचा हुआ है मौके पर सीआईएसफ इंस्पेक्टर कृष्णा मिंज , ईस्ट बसुरिया पुलिस, सीआईएसफ जवान मौजूद थे।

डेंगू की चपेट में आने से पत्रकार साहिल भदानी का निधन

कोडरमा : जिले में जानलेवा डेंगू के लगातार नए मामले सामने आ रहे हैं। डेंगू की रोकथाम को लेकर नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी दावें खोखले साबित हो रहे है। बुधवार को डेंगू की चपेट में आने से शहर के विद्यापुरी निवासी और प्रभात खबर के संवाददाता साहिल भदानी (26) की असामयिक निधन हो गया। साहिल पिछले चार दिनों से बुखार से पीड़ित थे। चिकित्सक ने शुरूआती जांच में इसे वायरल फीवर बताया था। इसके बाद दो दिनों तक घर में ही उनका इलाज चला। इसके बाद दोबारा मेडिकल जांच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स कम होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद सोमवार की शाम उन्हें इलाज के लिए केयर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इस दौरान अचानक बुधवार की सुबह उनका निधन हो गया। उनके निधन पर जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, डॉ. सौरभ कुमार, अविनाश सेठ, विशाल भदानी के अलावा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

पत्नी से विवाद के बाद बिरहोर युवक ने लगायी फांसी

कोडरमा : पति पत्नी के बीच विवाद होने के कारण एक बिरहोर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरकच्चो थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत स्थित तेलियामारन बिरहोर टोला निवासी सुरेश बिरहोर का बड़ा पुत्र रंजीत बिरहोर (29) ने मंगलवार की शाम अत्यधिक शराब पीकर घर पहुंचा, जिसे लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया। उसी समय बिरहोर घर से निकल गया। देर रात नही लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर कहीं पता नही चल पाया। सुबह कुछ बच्चे जंगल की ओर खुंखडी के लिए जा रहे थे इसी बीच बच्चो ने देखा कि रंजीत बिरहोर का शव एक पेड़ में फांसी के फंदे से लटका है। बच्चो ने इसकी सूचना आकर परिजनों को दी। इसके बाद परिजन रंजीत के शव को फांसी के फंदे से निकाल कर घर ले आए व इसकी सूचना थाना प्रभारी मरकच्चो सौरव कु. शर्मा व प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो को दी।

धनबाद में देशभर के संताली साहित्यकारों का हुआ जुटान

धनबाद : माझी रामदास टुडू (रसका) के 171वें जयंती के मौके पर ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन झारखण्ड ब्रांच का 15वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन बुधवार को धनबाद के न्यू टाउन हॉल में किया गया। जिसमें झारखण्ड सहित पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और असम से आए संथाली साहित्यकारों ने भाग लिया।

डीडीसी, एसएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने दी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती के अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी सेवा सदन से सभी पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग संघ पहुंचे। यहां भी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी। इस मौके पर डीडीसी ने कहा कि पूज्य बापू का जीवन और उनके आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उनकी अहिंसक नीतियों, नैतिक आधारों, अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने और अधिक लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। उन्होंने सभी धर्मों को एक समान मानने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, पुरुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा देने और दलितों-गैर दलितों के बीच की युगों से चली आ रही खाई को पाटने पर जोर दिया। उन्होंने कहा इसी प्रकार मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा।वे असाधारण इच्छाशक्ति वाले एक शानदार विचारक थे। जिन्होंने अपने जीवन में कठिनाइयों को बड़ी सरलता से न सिर्फ पार किया है बल्कि सभी के लिए प्रेरणा भी बने हैं। उन्हें आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता के लिए देश की आकांक्षाओं में उनके योगदान के लिए एक उत्कृष्ट राजनेता के रूप में माना जाता है।

एफएनपीओ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : बुधवार को एफएनपीओ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह सह भारतीय रेल डाक सेवा के प्रधान अभिलेख पदाधिकारी डी एच मंडल धनबाद आरएमएस के पद से 33 वर्ष की सेवा सेवानिवृति के अवसर पर पार्शल हब कैंपस हीरापुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह सामूहिक सर्व धर्म विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह सीनियर सुपरिटेंडेंट उत्तम सिंह, अधीक्षक आरएमएस पीके सिंह, यदु राम,अशोक पाठक आफताब आलम, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर सी एम एफ आर आई ए के सिंह, अध्यक्ष राजपूत कल्याण मंच पप्पू सिंह, पवन सिंह, करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष अमन सिंह, विशु सिंह,रविंद्र सिंह, डी एन सिंह, सत्येंद्र सिंह, उमेश सिंह, विकी, आशुतोष, आलोक, विराट समेत समस्त रेल डाक कर्मचारी डी एच मंडल धनबाद आरएमएस के साथियों ने माला पहनकर एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। साथ ही कोलकाता, गया, कोडरमा, पटना, साहिबगंज, हजारीबाग, बोकारो, रांची, टाटानगर, गोमो आदि जिलों से सैकड़ो की संख्या में एफ एन पी ओ संघ के साथियों ने समारोह स्थल पहुंच कर अपने राष्ट्रीय नेता को सम्मानित किया ।

बापू के आदर्शों को अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देना ही सच्ची श्रद्धांजलि : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को खूंटी के दतिया ग्राम में भव्य समारोह का आयोजन कर गांधी चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रंद्धांजलि दी गई। मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, सिविल सर्जन सहित जिले के अन्य पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उपायुक्त ने लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने के संदेश दिये और सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। डीसी ने कहा कि महात्मा गांधी ने ऐसे भारत का सपना देखा था, जो न केवल आजाद हो, बल्कि स्वच्छ और विकसित भी हो। इस अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि स्वैच्छिक रूप से स्वच्छता एवं साफ-सफाई की दिशा में कार्य करेंगे। साथ ही हम सभी अपनी ग्राम पंचायत को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आवश्यकता के आधार पर योजना बनाकर कार्य करेंगे। बापू के आदर्शों को अपनाते हुए देश के विकास में उनके बताये गये मार्गो का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर उपायुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र, जलसहिया समेत अन्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही स्वच्छता को लेकर विद्यालयों में आयोजित हुए निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत भी किया गया।

आईआईटी के स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : आईआईटी द्वारा 17 सितंबर से चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस मनाने के साथ संपन्न हुआ। जिसके दौरान स्वच्छता रैली, स्वच्छता की शपथ, नुक्कड़ नाटक का मंचन और परिसर से सटे पुलिस लाइन के सब्जी बाजार में गहन स्वच्छता अभियान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिन भर चलने वाला अभियान सुबह लगभग 8.30 बजे पर संस्थान के ओवल ग्राउंड के पास स्वच्छता की शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। जिसके दौरान प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा, निदेशक आईआईटी और मैडम शकुंतला मिश्रा, अध्यक्ष दीप्ति लेडीज क्लब के नेतृत्व में संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने, स्वच्छता काअनुसरण करने, स्वच्छता को संबोधित करते हुए प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा हमने आज स्वच्छता मिशन के लिए प्रतिदिन दो घंटे समर्पित करने का आत्मसात करने और स्वच्छता के संदेश को फैलाने का संकल्प लिया। प्रो. धीरज कुमार, उप निदेशक, आईआईटी (आईएसएम) प्रो. एम. के. सिंह, डीन, अकादमिक, प्रो. रजनी सिंह, डीन, कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, प्रो. एस. के. गुप्ता, डीन छात्र कल्याण, प्रो. आलोक सिन्हा, विभाग प्रमुख, पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग, प्रबोध पांडे, रजिस्ट्रार और प्रो. संजीव आनंद साहू, समन्वयक, स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024, जो शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित थे, बाद में एक रैली के रूप में संस्थान के मुख्य द्वार की ओर कूच किया।संस्थान के आधिकारिक नाटक क्लब, अभय ड्रामाटिक्स क्लब के सदस्यों द्वारा मुख्य द्वार पर हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया।

धूमधाम से मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के अलावा शिक्षण संस्थानों में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया गया। मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सकलदीप भगत ने कहा कि बापूजी ने देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करवाने में सबसे अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के दम पर अंग्रेजों को कई बार घुटने टेकने को मजबूर कर दिया। कांग्रेस कार्यकताओं ने दी बापू और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्रीजी की जयंती जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगवाई में कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय दतिया ग्राम में स्थित बापू की प्रतिमा पर सांसद की उपस्थिति में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि अगर बापू और लाल बहादुर शास्त्री जी का योगदान नहीं रहता, तो शायद भारत देश अभी तक गुलाम ही रहता। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि दोनों महान विभूतियों के बताए मार्ग पर चल कर देश तरक्की की ओर अग्रसर है।

जरूरतमंद कैदियों को हर संभव मदद करेगा डालसा : राजश्री अपर्णा कुजूर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को उपकारा खूंटी में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर गांधीजी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। साथ ही जेल परिसर खूंटी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके परं जेल के बंदियो को स्वेच्छा से श्रमदान के लिए आवेदन देने के प्रेरित किया। गांधी जयंती पर जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि वैसे बंदी जो किसी कारण से अपने बेलर की व्यवस्था नहीं करा पाता है या अपने परिवार से मिल नहीं पाता है या किसी कागजात की वजह से बेल कराने में या किसी भी तरह की समस्या हो, तो वे आवेदन के माध्यम से डालसा सेक्रेटरी या कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं उन्हें जितना संभव हो सके निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जितने भी नए कैदी अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर यहां रह रहे हैं और अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं तो वह अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए डालसा सचिव एवं कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं। व्यवहार न्यायालय की अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी ने कैदियों को संदेश दिया कि अपने अधिकारों को पहचानें और एक भारतीय नागरिक होने के नाते अपने अधिकारों का हनन न होने दें। कार्यक्रम में डीएलएसए के एलएडीसी चीफ अधिवक्ता राजिव कमल, प्रभारी, कारा अधीक्षक अनुराधा कुमारी, उपकारा के बडो बाबू शहजादा खान, डीएलएसए पीएलवी शांति नाग आदि उपस्थित थे। यह जानकारी डीएलएसए सचिव, राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

संक्षिप्त खबरें

कांग्रेस नेता रोहित यादव के प्रयास को कतरासवासियों ने सराहा

धनबाद : कतरास स्टेशन रोड के दुकानदार एवं आसपास के ग्रामीण पिछले 5 दिनो से ट्रांसफार्मर खराब होने से लोग बिना बिजली के रह रहे थे,स्टेशन रोड के व्यावसायिक गण स्थानीय सांसद,विधायक के उदासीन रवैये से त्रस्त होकर श्री रोहित यादव के पास गये,श्री यादव ने तत्वरिक कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अंदर ट्रांसफार्मर लगवाया और यह भी कहा कि वह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर हैं। मौके पर शशिकांत अग्रवाल,सरूप जैन,विकाश साव,विजय ठक्कर,प्रदीप ठाकुर,सोमनाथ शर्मा,सन्तोष स्वर्णकार,पवन कुमार,मो० अनवर,भरत शर्मा ,जावेद रजा, बाबू वर्मन,वसीम जी,सोना दे,सोनू शर्मा,अनुराग राजगढ़िया,दीपक यादव,संजीव पांडेय,मो० मेराज,संजय भगत,बबलू वर्मन,विकाश लाला, छोटे भैया,दिनी आदि कई लोग मौजूद थे।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी

तेतुलमारी (धनबाद) : निचितपुर कोलियरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया । मौके पर कोलियरी परियोजना पदाधिकारी एम कुंडू, मैनेजर ब्रिजेश कुमार भारती, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रामप्रीत प्रसाद यादव, सिमेवा के आर एन लालदेव,सत्यनारायण चौहान,रंजीत नोनिया बैजु साव, प्रशांत नियोगी, अरविंद कुमार,शशि सिंह, अहमद हुसैन खान, फेकू सिंह, शमसूदीन मिया, ललन तिवारी, बैजनाथ रवानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कांग्रेस नेता सह भावी विधायक प्रत्याशी रोहित यादव के आवासीय कार्यालय पर महात्मा गांधी जयंती मनाया गया । उक्त अवसर पर कांग्रेस नेता रविंद्र पांडे, बबलू सिंह गुड्डू रवानी पप्पू दुबे, सोनू शर्मा,डी ठाकुर उपस्थित थे।

गांधी जयंती पर छात्र-छात्राओं को चरखे से गणित का कराया गया अध्ययन



धनबाद : बुधवार को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वी जयंती पर संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने एक अनूठा प्रयोग करते हुए चरखे पर गणित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत चरखे से गणित का अध्ययन छात्र-छात्राओं को कराया गया। जिसमें बच्चों ने वर्ग का परिमाप, वर्ग का क्षेत्रफल, वर्ग के कोण, वर्ग के विकर्ण ,आयत का परिमाप ,आयत का क्षेत्रफल, वृत्त की परिधि ,वृत्त का क्षेत्रफल , त्रिभुज के प्रकार, त्रिभुज के कोण, त्रिभुज का विकर्ण, चाल दूरी और समय, कोणों के प्रकार आदि प्रश्नों को हल करने की विधि चरखे से सीखा ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अंशु वर्मा, परिधि शर्मा ,आदित्य चरण शर्मा, अभय कुमार,आयुष चरण शर्मा ,आराध्या ,मानवी कुमारी ,लाडली कुमारी ,सुरभि कुमारी ,दया कुमार राम, आराध्या सहाय ,अपराजिता सहाय ,युग आर्य, रितिक राज ,आदित्य शर्मा ,राजवीर सिंह, प्रियांशु मुर्मू ,यश महतो आदि उपस्थित थे।

अड़की के लादूंलाल हत्याकांड का खुलासा चार आरोपी गिरफ्तार

खूंटी : अड़की थानांतर्गत ग्राम कोचांग, टोला काईजारी निवासी लांदूलाल नामक ग्रामीण की एक पखवाड़ा पूर्व हुई हत्या मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में उसी गांव के कांडे सोय उर्फ जोसेफ सोय, दीत सोय उर्फ बुधू सोय, अनिल सोय तथा तुतुयू गांव के जगाय सोय उर्फ सोमा सोय शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि जादू टोना और जमीन विवाद के कारण लांदूलाल की हत्या की गई थी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून लगा चाकू, घटना के समय एक आरोपित द्वारा पहनी गई टी-शर्ट और मोबाइल फोन बरामद किया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने बुधवार को पत्रकारों को दी। ज्ञातव्य है कि गत 18 सितंबर को लांदूलाल अपनी पत्नी के साथ बंदगांव बाजार से जब वापस घर लौट रहा था तो रास्ते में अज्ञात अपराधियों द्वारा चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी।

गोमो में दोस्तों संग नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

धनबाद : गोमो स्थित जमुनिया नदी में बुधवार को नहाने गए किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृत किशोर की पहचान हरिहरपुर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी अशोक राम के पुत्र सीनू राज (13 वर्ष) के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार सीनू राज अपने दोस्तों के साथ गोमो के जीतपुर स्थित जमुनिया नदी में नहाने गया था। नहाने के क्रम में वह पानी के तेज बहाव में चला गया और डूबने लगा। यह देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया और घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। खबर फैलते ही नदी किनारे लोगों की भीड़ जुट गई। हरिहरपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद डूबे किशोर को बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उसे साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

एक नजर

छिनतई करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

रांची : खेलगांव थाना की पुलिस ने शहर में बहाना बना कर मोबाइल छिनतई करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सदर थाना क्षेत्र के अबु तालिम उर्फ बालक, तौफिक उर्फ सोनू उर्फ झागा तथा सुल्तान अंसारी उर्फ टेटू उर्फ रॉकी शामिल हैं। इनके पास से बूटी मोड़ व खेल गांव के पास छिना गया आइफोन सहित दो मोबाइल बरामद किया गया है। यह जानकारी खेल गांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में दी। इस संबंध में चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि मंगलवार को बूटी मोड़ पर रजरप्पा निवासी सुधांशु प्रसाद का मोबाइल बहाना बना कर उसका मोबाइल निकलवाया और अबु तालिम उर्फ बालक तथा तौफिक उर्फ सोनू उर्फ झागा ने छिन लिया था। इस दौरान सुधांशु ने अबु तालिम को पकड़ लिया था और खेल गांव पुलिस के हवाले कर दिया था। जबकि उसका मोबाइल तौफिक उर्फ सोनू उर्फ झागा लेकर भाग गया था। सोनू उर्फ झागा की गिरफ्तारी के बाद सुधांशु का मोबाइल किशुनपुर मस्जिद के समीप झाड़ी से बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के क्रम डेढ़ माह पहले खेल गांव चौक के समीप से छिना हुआ आइफोन तौफिक उर्फ सोनू उर्फ झागा के किशुनपुर स्थित घर से बरामद किया गया। अबु तालिम उर्फ बालक इसके पहले भी चेन छिनतई मामले में सदर थाना से जेल जा चुका है, जबकि तौफिक उर्फ सोनू उर्फ झागा चुटिया थाना क्षेत्र से मादक पदार्थ अधिनियम तथा सदर थाना से चेन छिनतई मामले में जेल जा चुका है।

झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने दी हड़ताल पर जाने की धमकी

रांची : झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने अपनी 6 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की धमकी दी है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि राज्य के सभी सप्लाई एरिया बोर्ड और ट्रांसमिशन जोन के 7000 बिजली कर्मचारी हड़ताल में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होंगे। इससे बिजली व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और झारखंड में ब्लैकआउट हो सकता है। अजय राय ने कहा कि सरकार और जेबीवीएनएल के अधिकारियों के साथ बातचीत विफल होने के बाद यूनियन को हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति के लिए झारखंड ऊर्जा विकास निगम जिम्मेदार होगा। हड़ताल को लेकर गिरिडीह, चतरा, जमशेदपुर, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, खूंटी आदि क्षेत्रों के साथ-साथ राज्य के सभी सप्लाई एरिया बोर्ड और ट्रांसमिशन जोन के साथी रांची के धुर्वा के सेक्टर 3 चक्कर मैदान पहुंचेंगे।

तबादला हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी

रांची : तबादला हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑडर आज बुधवार को जारी कर दिया गया है। डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने यह ऑर्डर जारी किया है। गौरतलब है कि बीते दिन सरकार ने डीएसपी रैंक के 41 अधिकारियों का तबादला किया था। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उनका मूवमेंट ऑर्डर जारी नहीं किया गया था। वहीं सरकार ने मंगलवार को सात डीएसपी के तबादले के आदेश को विलोपित कर दिया था। जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे डीएसपी जिनके पदस्थापन स्थान पर दूसरे डीएसपी का पदस्थापन हो गया है, परंतु उनका दूसरे जगह पर पदस्थापन नहीं हुआ है, वो पुलिस मुख्यालय में योगदान देंगे।

सीएम हेमन्त सोरेन और जेएमएम से डरते हैं पीएम नरेंद्र मोदी : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बुधवार को झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीएम मोदी के दौरे पर निशाना साधा। उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को पहली बार एहसास हुआ कि पोटो-हो स्वतंत्रता सेनानी थे। आज हजारीबाग में अपने लंबे भाषण में आदिवासियों की बात करते हुए पीएम आदिवासी जन नायक रूपों महाली को भूल गए। ये बातें भाजपा को नहीं मालूम कि सरस्वती देवी पहली महिला स्वंत्रता सेनानी थी, जो हजारीबाग से थी। उनको यह भी नहीं पता कि बाबू राम नारायण सिंह कौन थे? सुप्रियो ने पीएम मोदी से कहा कि आप आदिवासी-मूलवासी, हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा से डरते हैं। लेह लद्दाख में आदिवासियों और मूलवसियों का आंदलोन चल रहा है। लेकिन पीएम मोदी प्रधानमंत्री जैसे पद पर होकर ओबीसी, सीओ के ट्रांसफर की बात करते हैं। प्रधानमंत्री इतने निचली स्तर की बात कैसे कर सकते हैं। बीजेपी ने ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत किया

भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में आगे कहा कि यूपी में 17 बार पेपर लीक हुआ, लेकिन आजतक उसपर कार्रवाई नहीं हो पाई। 7 सालों में यूपी में सिपाही की बहाली नहीं हुई है। भाजपा को झारखंड मुक्ति मोर्चा से डरना चाहिए, क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा आदिवसी-मूलवासी और पिछड़े मजदूर लोगों की बात करती है। भाजपा एसटी/एससी/ओबीसी का आरक्षण काटकर घुसपैठियों को देने कि बात करती है, जबकि बीजेपी ने झारखंड में ओबीसी आरक्षण को 27% से घटाकर 14% कर दिया।

अपने संगठन की डेमोग्राफी देखें पीएम : सुप्रियो भट्टाचार्य

आदिवासी वैज्ञानिक सोनम वांगचुक की मांग है, लद्दाख को 6ॐ शेड्यूल में शामिल कर दिया जाए। लेकिन पीएम ऐसा नहीं कर रहे क्योंकि उन्होंने अडानी से उनकी जमीन का सौदा किया है। हुसैनबाद विधायक कमलेश सिंह के भाजपा में शामिल होने पर सुप्रियो ने कहा कि कितने घुसपैठियों को शामिल करेंगे। भाजपा को डेमोग्राफी की चिंता हो रही है, तो आप अपने संगठन की डेमोग्राफी देखिये। केंद्र सरकार घंटी बजा रही है क्या? घुसपैठियों को रोकना किसका काम है? असम के मुख्यमंत्री बोलते हैं कि घुसपैठिए असम से अंदर आते हैं। सुप्रियो आगे कहते हैं कि आज पितृपक्ष समाप्त हो गया है। देवी पक्ष के बाद फिर जब पितृपक्ष आएगा, तब काली पूजा होगी और यहां महिषासुर का वद्ध होगा। इस राज्य में राक्षसी ताकतों और पूंजीपतियों की जो नजर है, उनका भी उसी तरह वद्ध होगा।

झारखंड पर पूंजीवादियों की है गिद्ध दृष्टि : केशव महतो कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कांग्रेस भवन रांची में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद केशव महतो कमलेश सहित नेताओं ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा,सद्भाव के विचारों की प्रासंगिकता आज भी है। उनके सिद्धांतों ने समाज को संदेश देने का काम किया है। अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़े-बड़े मसले को सुलझाया जा सकता है। हिंसा और घृणा का समाज में कोई स्थान नहीं है। देश की महान विभूति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने कठिन समय में देश का नेतृत्व किया। उन्होंने युद्ध की विभीषिका के समय अपने नेतृत्व कौशल का परिचय देते हुए "जय जवान जय किसान" का नारा बुलंद कर देश को एक नया रास्ता दिखाया और यह नारा देश के प्रगति में एक नये अध्याय की तरह जुड़ गया, ऐसे विभूतियों के आर्दशों को आज अपनाने की जरूरत है।

बापू वाटिका से "विकसित झारखंड समृद्ध झारखंडवासी" का संकल्प लेकर आगामी विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज किया गया। चुनावी अभियान का आगाज करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की एकता को प्रदर्शित करने का यही समय है। झारखंड पर पूंजीवादियों की गिद्ध दृष्टि है,इसे बचाने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। यह चुनाव झारखंडी लोगों के हितों की रक्षा का महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। हमें झारखंड वासियों के लिए संघर्ष करना है ताकि झारखंड में दरार पैदा करने वाली ताकत इस राज्य में कदम न जमा सके।

धुर्वा में पूजा समिति अयोध्या के रामलला मंदिर का करा रही निर्माण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राजधानी रांची में दुर्गा पूजा पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में है। शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। सभी पूजा समिति पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। वही मूर्तिकार मां की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इसी क्रम में रांची के धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा मैदान में श्री राम लाल समिति के सौजन्य से इस वर्ष राज्य के सबसे बड़ा पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। समिति के महासचिव कुणाल अजमानी ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष अयोध्या के नवनिर्मित श्री राम मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। यह पंडाल अयोध्या धाम के श्री राम लला के श्री राम मंदिर जैसा दिखेगा। पंडाल में भक्त श्री राम लला के दर्शन भी कर पाएंगे।

साथ ही मैदान में 26 फीट ऊंची बजरंगबली की विशाल 4 डी प्रारूप आकर्षण का केंद्र रहेगी। पंडाल के गर्भ गृह में मां भवानी का दर्शन भी श्रद्धालु कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पंडाल की लंबाई 170 फीट और चौड़ाई 120 फीट होगी जबकि पंडाल 100 फीट ऊंचा होगा। भव्य मां का दरबार भी बनेगा अभूतपूर्व लाइटिंग भी देश अन्य स्थानो से मंगाई जा रही है जो पंडाल के अंदर रंग बिरंगी साज सज्जा को ओर भी सुंदर दिखाएगी। मां की मूर्ति विशाल, अद्भुत, अलौकिक होगी प्रभु श्री राम की प्रतिमा सिलिकॉन की बनी होगी जो प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से अयोध्या में स्थापित भगवान श्री राम की प्रतिमा जैसी रहेगी। जिसका भक्तजन दर्शन करेंगे। मां दुर्गा की प्रतिमा 32 फीट चौड़ी ओर 19 फीट ऊंची होगी। अजमानी ने बताया कि इस बार का पूजा पंडाल पूरे झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा पंडाल होगा और श्रद्धालु भक्तों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी रहेगा। तृतीय 5 अक्टूबर के दिन श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया जाएगा। पंडाल के निर्माण में लगभग 98 लाख रुपए खर्च होंगे।

स्वच्छता को अपने जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं : रविंद्र कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम का समापन बुधवार को गांधी जयंती पर 'स्वच्छता दिवस' के रूप में मनाते हुए किया गया। इस पूरे स्वच्छता पखवाड़े के आयोजन के दौरान निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, जलाशयों, सड़को, नालियों एवं अन्य स्थलों की साफ-सफाई, जन भागीदारी, सिविल सोसाइटीज एवं रांची नगर निगम के संयुक्त प्रयास से की गई, जिसमे कुल 26 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में सफाई मित्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर "सफाई मित्र सम्मान समारोह" का आयोजन रांची नगर निगम सभागार में किया गया। इस दौरान रांची नगर निगम क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों, सुपरवाइजर और जोनल सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र तथा शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रशासक रविन्द्र कुमार के जरिये की गई। मौके पर उनके द्वारा कहा गया कि 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आज आखिरी दिन है, लेकिन यह अंत नहीं है, बल्कि आने वाले समय में हम और भी बेहतर स्वच्छता रखने का प्रण ले और रांची शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएं, यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। यदि शहर के सारे नागरिक मिलकर शहर को सुंदर बनाने में अपनी भागीदार निभाएंगे, तभी ही हमारा शहर स्वच्छ बनेगा। सभी स्वच्छता को अपने जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाए, स्रोत पृथक्करण को बढ़ावा दे तथा गीला-सूखा कचड़ा अलग-अलग रखे।

स्वच्छता ही सेवा को आत्मसात कर स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान दें युवा : डॉ ब्रजेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में बुधवार को मान सरोवर (बड़ा तालाब) के परिसर में स्वच्छता शपथ, स्वच्छता संकल्प सभा, स्वच्छता जागरूकता रैली और स्वच्छता ड्राइव कार्यक्रम एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार के अध्यक्षता में की गई।

मौके पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा को आत्मसात कर स्वच्छ भारत के निर्माण में युवा योगदान दें। उन्होंने महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था उसे साकार करना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज हम संकल्प लें कि ना गंदगी करेंगे और ना किसी को करने देंगे तथा सघन जागरूकता अभियान चलाएंगे। माई भारत, रांची जिला के युवा अधिकारी रोशन कुमार ने कहा कि स्वच्छता अभियान में लगातार सक्रिय रहते हुए अपने कर्तव्य का पालन करें। स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारंभ बड़ा तालाब से किया गया जो सेवा सदन, लेक रोड़, मारवाड़ी कॉलेज एवं अपर बाजार होते हुए मान सरोवर परिसर (बड़ा तालाब) में समाप्त हुआ।

रैली के दौरान माई भारत एवं एन एस एस के स्वयंसेवकों ने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता, क्लीन -रांची ग्रीन रांची, प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच पन्नी पॉलीथिन, बापू का संदेश, स्वच्छ सुंदर अपना देश आदि नारे लगाए।

विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किसान मोर्चा की हुई संगठनात्मक बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किया। वहीं मंच संचालन मोर्चा के महामंत्री अर्जुन सिंह व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अजय मुंडा द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह झारखंड प्रभारी रामनरेश सिंह तिवारी शामिल हुए। मोर्चा के साथियों को संबोधित करते हुए पवन साहू ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मोर्चा की भूमिका क्या होगी, इन सब बातों से संबंधित चर्चा की। वहीं झारखंड सरकार की झूठे वादे और निकम्मीपन को जनता के सामने उजागर करने की बात कही। तथा कहा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एवं लगातार बारिश के कारण खराब हुई सब्जियां को लेकर किसानों की मुआवजा देने की मांगों को लेकर 7 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी द्वारा किसानों के हित में लाई गई 430 योजनाओं को आप सभी जनता के बीच जाकर चर्चा कर बताने का कार्य करें। तय करें कि आज से रोज 10 योजनाओं की चर्चा उनके बीच जाकर करेंगे। साथ हीं कार्यकताओं में ऊर्जा भरते हुए विधानसभा चुनाव में पूरी शक्ति से तैयारी में लग जाने की बात कही। बैठक को राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव एवं राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह ने भी संबोधित किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह, रंजय भारती, रीता प्रसाद, विक्रांत उपाध्याय, अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, सदानंद महतो, कमलेश मंडल, प्रणिता झा, विनोद ठाकुर, कोषाध्यक्ष टोनी जैन, कार्यालय मंत्री अजय दुबे, सह कार्यालय मंत्री सुरेंद्र नाथ, धर्मेंद्र सिंह, अंचल तिवारी, सुनील कुमार सिंह, संकेत तिवारी अवधेश दुबे, कुंदन सिंह, प्रभारी प्रवीण सिंह सहित प्रमंडलीय प्रभारी सभी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सहसंयोजक जिला प्रभारी तथा जिला अध्यक्ष शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

झामुमो रांची जिला समिति ने बापू को किया नमन

रांची : रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम सहित अन्य नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि आज गांधी जयंती के अवसर पर हम सभी लोग उनको नमन करते हैं। बापू के सिद्धांतो के सहारे ही हमे आजादी मिली और आज उन्हीं के बताए मार्ग से भारत तरक्की की राह पर है। उनके बताए मार्ग का अनुसरण सभी ने किया चाहे वो पंडित नेहरू हों, सरदार पटेल हों। सभी ने वहां संकल्प लिया कि बापू के बताए मार्ग को हम आत्मसात करेंगे। इस दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी, केंद्रीय सदस्य चिंतामणी सांगा, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जिला सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, संयुक्त सचिव आदिल इमाम, जुल्फीकार खान सहित अन्य मौजूद थे।

भाकपा ने महात्मा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

रांची : भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती सांप्रदायिक सौहार्द और सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।सभी ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। राज्य कार्यकारणी सह जिला सचिव अजय सिंह ने कहा की यह देश गांधी के विचारो से चलेगा, सत्य और अहिंसा के रास्ते पर दुनिया को चलना चाहिए, देश की आपसी एकता और भाईचारा को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिन भी देश मना रहा है। शास्त्री ने देश को नारा दिया था कि जय जवान, जय किसान जिसने देश में हरित क्रांति लाया और देश अन्न के मामले में आत्मनिर्भर हुआ। ऐसे देश भक्तो के जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित करना गौरव का क्षण है। हमे इनके जीवन को आत्मसात करने के जरूरत है।

खाटूनरेश के महास्नान अनुष्ठान का हुआ आयोजन

रांची : अश्विन माह के पितृ अमावस्या के अवसर पर बाबा श्याम का विशेष महास्नान अनुष्ठान मंदिर के आचार्यों द्वारा किया गया। सुबह मंगला आरती के बाद मंदिर के तीनों मंड के पर्दे लगाकर गुलाब जल गंगाजल दूध दही शहद के मिश्रण से स्नान कर कर नवीन पोशाक पहनकर बाबा श्याम का अद्भुत श्यामल श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए रजनीगंधा मोतीमाला तुलसीदल गुलाब की मोटी मोटी मालाओं से खाटूनरेश का दिव्य अनुपम श्रृंगार कर नवीन पोशाक पहनाकर सभी देवी देवताओं सहित तैल चित्रों एवं गुरुजनों का विशेष श्रृंगार किया गया। लोहरदगा निवासी सुलोचना देवी पोद्दार ने सभी देवी देवताओं का नवीन पोशाक श्रृंगार एवं पंचमेवा भोग की सेवा निवेदित की। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूनरेश के भक्त शिरोमणि आलूसिंह जी महाराज कि आज 35 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल चित्रों का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः श्रृंगार आरती के बाद मंदिर में आने वाले हर श्याम भक्त ने 1008भक्त शिरोमणि श्री आलू सिंह जी महाराज को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे थे।

एनयूएसआरएल में गांधी जयंती पर सफाई अभियान और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रांची : नेशनल युनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ ने गांधी जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन किया, जिसमें सफाई अभियान, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ समय बिताना भी शामिल रहा। यह आयोजन विश्वविद्यालय के गांधीयन पीस क्लब और सेंटर फॉर पीस एंड रिसर्च इन ट्राइबल राइट्स के छात्रों द्वारा मिलकर किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने गांधी जी के सिद्धांतों के अनुसार इस धरती को साफ और सुरक्षित रखने का संदेश देने का प्रयास किया। पोस्टर के माध्यम से छात्रों ने यह भी संदेश दिया कि सफाई के पेशे से जुड़े योद्धाओं को सम्मान की दृष्टि से देखना कितना आवश्यक है। कुल 9 पोस्टर तैयार किए गए। पांच टीमों ने सामूहिक रूप से कार्य किया जिसमें गौतम.. अंबिका. विशाल, उम्बुल टोपनो. श्रुति और आइरिस, साक्षी, अनिशा, अनीश और पॉल शामिल थे। सर्वश्रेष्ठ पोस्टर्स को क्रमशः 1000, 500, और 300 रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सफाई अभियान के अंतर्गत, छात्रों ने पूरे विश्वविद्यालय में सफाई की। इसके बाद, उन्होंने वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया। छात्र रजत ने कहा, हमें बुजुर्गों के साथ समय बिताकर बेहद खुशी हुई। हमने साथ में गीत गाए, खुशियां बांटी और उनसे जीवन के महत्वपूर्ण सीखें लीं। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, डॉ. प्रो. अशोक आर. पाटिल ने कहा, नई पीढ़ी केवल सफाई अभियान में ही नहीं, बल्कि जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय है। वृद्धाश्रम में समय बिताना यह दशार्ता है कि नई पीढ़ी अपनी भावनाओं और मूल्यों को समझती है। यह आयोजन न केवल गांधी जी के सिद्धांतों को जीवित रखने का एक प्रयास है, बल्कि समाज में स्वच्छता और सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक कदम है।

इसलिए जरूरी है 'एक देश, एक चुनाव' का विचार

आर.के. सिन्हा

क्या बाकी देशों में भी 'एक देश, एक चुनाव' वाली व्यवस्था लागू है ? अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि में 'एक देश, एक चुनाव' वाली स्थिति हैं। अमेरिका में हर चार साल में एक निश्चित तारीख को ही राष्ट्रपति, कांग्रेस और सीनेट के चुनाव कराए जाते हैं। भारत की ही तरह फ्रांस में संसद का निचला सदन यानी नेशनल असेंबली है। वहां नेशनल असेंबली के साथ ही संघीय सरकार के प्रमुख राष्ट्रपति के साथ ही राज्यों के प्रमुख और प्रतिनिधियों का चुनाव हर पांच साल में एक साथ कराया जाता है।

'एक देश, एक चुनाव' का सपना अब तो साकार होता नजर आ रहा है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमिटी की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। मतलब यह कि अब देश में 'एक देश, एक चुनाव' की राह का सारा व्यवधान सारा सस्पेंस दूर हो गया है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने एक वक्तव्य में साफ किया था कि मोदी सरकार के इसी कार्यकाल में देश का यह सबसे बड़ा चुनाव सुधार लागू हो जाएगा। जैसे कि आपको ज्ञात ही होगा कि केंद्र सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में 'एक देश, एक चुनाव' पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। रामनाथ कोविंद कमिटी को जिम्मेदारी दी गई थी कि वह देश मे एक साथ चुनाव करवाने की संभावनाओं पर रिपोर्ट दे। अब कमिटी की सिफारिशों पर देश की सभी राजनीतिक मंचों पर इस पर चर्चा की जाएगी। सभी नौजवानों, कारोबारियों, पत्रकारों समेत सभी संगठनों से इस पर बात होगी। इसके बाद इसे लागू करने के लिए ग्रुप बनाया जाएगा। फिर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर इसे लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस समारोह के दौरान लाल किले से अपने भाषण में भी एक देश एक चुनाव की वकालत की थी। उनका कहना था कि देश में बार-बार चुनाव से विकास कार्य में बाधा आती है। किसी भी चुनाव की घोषणा होते ही अंतिम रिजल्ट नहीं आने तक कोई नया विकास कार्य शुरू ही नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा था कि 'एक देश, एक चुनाव' के लिए देश को आगे आना होगा। उन्होंने देश के सभी राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया था कि देश की प्रगति के लिए इस दिशा में आगे बढ़े। यहां तक कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से शामिल किया था।

बेशक, एक साथ चुनाव कराने से चुनाव प्रक्रिया की चुनाव पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, क्योंकि कई चुनावों के लिए बार-बार तैयारी और कार्यान्वयन करने की आवश्यकता नहीं होगी। क्या आपको पता है कि कुछ माह पहले देश में हुए लोकसभा चुनाव में कितना खर्चा हुआ? 2024 के लोकसभा चुनाव पर 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले करीब दोगुना से भी ज्यादा खर्चा आया। चुनावी खर्च पर रिपोर्ट जारी करने वाली गैर लाभकारी

संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने अनुमान लगाया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल खर्च 55 से 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस तरह देखा जाए तो इस बार दोगुने से भी ज्यादा पैसा चुनाव में खर्च किया गया है। अमेरिका ने भी साल 2020 में हुए राष्ट्रसपति चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये ही खर्च किए थे। क्या आपको पता है कि 1951-52 में भारत के पहले चुनाव के दौरान महज 10.5 करोड़ रुपये था? चुनाव खर्च का एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया प्रचार पर खर्च किया जाता है। भारतीय राजनेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए असाधारण और नए-नए तरीके अपना रहे हैं।

यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा। क्योंकि, सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर भी काम का दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान बेहतर ढंग से केंद्रित किया जा सकेगा। यह जानना जरूरी है कि भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार ही चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने मनमाने ढ़ंग से राष्ट्रपति शासन लगा दिया। इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग कर दी गई। वैसे यह बात भी है कि अगर लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इसके लिए मौजूदा संख्या से तीन गुना ज्यादा ईवीएम की जरूरत पड़ेगी। लेकिन, वह तो एक बार ही होने वाला खर्च होगा।

क्या बाकी देशों में भी 'एक देश, एक चुनाव' वाली व्यवस्था लागू है ? अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि में 'एक देश, एक चुनाव' वाली स्थिति हैं। अमेरिका में हर चार साल में एक निश्चित तारीख को ही राष्ट्रपति, कांग्रेस और सीनेट के चुनाव कराए जाते हैं। भारत की ही तरह फ्रांस में संसद का निचला सदन यानी नेशनल असेंबली है। वहां नेशनल असेंबली के साथ ही संघीय सरकार के प्रमुख राष्ट्रपति के साथ ही राज्यों के प्रमुख और प्रतिनिधियों का चुनाव हर पांच साल में एक साथ कराया जाता है। स्वीडन की संसद और स्थानीय सरकार के चुनाव हर चार साल में एक साथ होते हैं। यहां तक कि नगरपालिका के चुनाव भी इन्हीं चुनावों के साथ होते हैं। वैसे तो कनाडा में हाउस ऑफ कॉमंस के चुनाव हर चार साल में कराए जाते हैं, जिसके साथ कुछ ही प्रांत स्थानीय चुनाव को संघीय चुनाव के साथ कराते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत जैस देश के लिए 'एक देश, एक चुनाव' का विचार बहुत ही उपयुक्त और आदर्श है। पर दिक्कत यह है कि हमारे विपक्षी दल इतने शानदार विचार की बिना सोचे समझे राजनीतिक स्वार्थ साधने के चक्कर में निंदा करने लगे हैं। उम्मीद कीजिए कि वे भी अंत में सरकार का ही साथ देंगे।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

संपादकीय

आस्था पर सियासत

तिरुपति मंदिर लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप संवैधानिक पद पर हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भगवान को राजनीति से दूर रखा जाए। राजनीति और धर्म को मिलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नायडू ने दावा किया था कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति लड्डू बनाने में इस्तेमाल किया गया घी शुद्ध होने की बजाय जानवरों की चर्बी से युक्त था। अदालत का सवाल है कि जांच जारी है तो रिपोर्ट आने से पहले आप मीड़िया में क्यों गए। लड्डू का स्वाद खराब होने की श्रद्धालुओं की शिकायत की बात उठने पर राज्य सरकार से सवाल किया कि आप कह सकते हैं कि टेंडर गलत तरीके से दिया गया, मगर यह कहना कि मिलावटी घी प्रयोग किया गया, इसका सबूत कहां है। सबसे पहले आंध्र प्रदेश के सेशाचालम पर्वत पर स्थित तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारी ने शुद्ध घी में वनस्पति तेल की मिलावट की बात उठाई। बाद में इसमें जानवरों की चर्बी होने की बात कर उन्होंने विवाद पैदा किया। नायडू सरकार द्वारा दावा किया गया कि प्रसाद में मछली का तेल और बीफ चर्बी का इस्तेमाल परीक्षण के नमूनों में पाया गया। हालांकि यह लड्डू..मंदिर परिसर की गुप्त रसोई पोटू में बड़ी संख्या में तैयार किया जाता है। यही पवित्र लड्डू रोज हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के तौर पर पहले मुफ्त दिया जाता था, बाद में विभिन्न नियमों के साथ इसकी कीमत तय कर दी गई। यह बहुसंख्य देशवासियों की आस्था से जुड़ा मामला है। हालांकि तत्कालीन मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने चंद्रबाबू पर राजनीति के लिए भगवान का प्रयोग करने और जनता का ध्यान सरकार के कामों से हटाने का आरोप लगाया। मंदिर की पवित्रता को ठेस लगाने वाली ये खबरें श्रद्धालुओं के लिए किसी सदमे से कम नहीं कही सकतीं। मगर जैसा शीर्ष अदालत ने कहा है कि धर्म को राजनीति से मिलाने की जरूरत नहीं है। आस्था-विश्वास के प्रति राजनीतिज्ञों को विशेष सतर्कता बरतनी सीखनी चाहिए। राजनीतिक लाभ के लोभ में धर्म का दुरुपयोगङ्क जनता को दिग्भ्रमित करने और समुदायों के दरम्यान दरारें ड़ालने वालों पर सख्ती की जानी आवश्यक है। सनसनी फैलाने वाले दोषमुक्त नहीं हो सकते। यदि वास्तव में किसी भी तरह की मिलावट हुई हैङ्क तो आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

चिंतन-मनन

क्षमा भाव आत्मसात करें

बुद्धि का अर्थ है नीर-क्षीर विवेक करने वाली शक्ति और ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा पदार्थ को जान लेना। ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा भौतिक पदार्थ के अन्तर को जानना। आधुनिक शिक्षा में आत्मा के विषय में कोई ज्ञान नहीं दिया जाता, केवल भौतिक तत्वों तथा शारीरिक आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है। फलस्वरूप शैक्षिक ज्ञान पूर्ण नहीं हैं। असम्मोह अर्थात संशय तथा मोह से मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है, जब मनुष्य झिझकता नहीं और दिव्य दर्शन को समझता है। वह धीरे-धीरे निश्चित रूप से मोह से मुक्त हो जाता है। क्षमा का अभ्यास करना चाहिए। मनुष्य को सहिष्णु होना चाहिए और दूसरों के छोटे अपराध क्षमा कर देना चाहिए।

सत्यम का अर्थ है तथ्यों को सही रूप में अन्यों के लाभ के लिए प्रस्तुत किया जाए। तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना नहीं चाहिए। सामाजिक प्रथा के अनुसार कहा जाता है कि वही सत्य बोलना चाहिए, जिससे दूसरे लोग समझ सके कि सच्चाई क्या है। कोई चोर है और यदि लोगों को सावधान कर दिया जाये कि अमुक व्यक्ति चोर है, तो यह सत्य है। यद्यपि सत्य कभी-कभी अप्रिय होता है, किन्तु कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। सत्य की मांग है कि तथ्यों को यथारूप में लोकहित के लिए प्रस्तुत किया जाए। यही सत्य की परिभाषा है।

दम का अर्थ है इन्द्रियों को व्यर्थ विषयभोग में न लगाया जाए। अनावश्यक इन्द्रियभोग आध्यात्मिक उन्नति में बाधक है। मन पर भी अनावश्यक विचारों के विरुद्ध संयम रखना चाहिए। इसे शम कहते हैं। मनुष्य धन-अर्जन के चिन्तन में ही सारा समय न गवाए। यह चिन्तन शक्ति का दुरुपयोग है। मन का उपयोग मनुष्यों की मूल आवश्यकताओं को समझने के लिए किया जाना चाहिए। साधुपुरुषों, गुरुओं महान विचारको की संगति में रहकर विचार-शक्ति का विकास करना चाहिए। जो कुछ कृष्णभावनामृत के विकास के अनुकूल हो, उसे स्वीकार करे और जो प्रतिकूल हो, उसका परित्याग करे।

कर्म से ही जीवन की गतिशीलता

ओपी श्रीवास्तव

कर्म से जीवन में गति आती है, मानसिक और शारीरिक सक्रियता आती है। यह रजोगुण के लक्षण हैं। इस स्थिति में मनुष्य नई कामनाएँ करता है और उनकी पूर्ति के प्रयास करता है। इसमें जीवन के संघर्ष, द्वंद्व व तनावों से सामना होता है। यह अनुभव होता है कि कोई भी कामना पूर्ति कुछ समय तक ही सुख देती है फिर उसका स्थान नई कामना ले लेती है और फिर वही दुष्चक्र प्रारंभ हो जाता है। कई ऐसी कामनाएँ होती हैं जो पूरे पुरुषार्थ से काम करने पर भी पूरी नहीं होतीं। तब मनुष्य को सृष्टि में अपनी तुच्छता और असमर्थता समझ में आती है और वह ईश्वर से सहयोग की प्रार्थना करता है। उसमें दूसरों को अपने जैसा समझने, उनका भला करने और सहयोग करने का भाव आता है। ऐसे कर्मों को गीता में यज्ञ कहा गया है। यह रजोगुण से सतोगुण में प्रवेश है। इस अवस्था में भगवान कहते हैं कि तुम मेरी ओर से, मेरे एजेंट के रूप में काम करो - निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन (11.33)। इसके बाद मनुष्य को अनुभव होता है कि वह निमित्त अवश्य है परंतु कर्ता भी स्वयं है। तब वह इससे भी मुक्ति चाहता है और जीवन का सारा भार भगवान पर छोड़ देता है इ सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज (18.66)। इस अवस्था में वह तीनों गुणों से परे हो जाता है और उसके सारे कर्म ईश्वर प्रेरणा से संचालित होने लगते हैं। अब वह कर्म करता नहीं है उसके माध्यम से कर्म होने लगते हैं। यह कर्मयोग की सर्वोच्च स्थिति है। इसी अवस्था को प्राप्त करने का विचार वेदों के अंतिम भाग 'उपनिषद' में किया गया है । यह संग्रह से त्याग तक की यात्रा है। जीवन के चार आश्रम भी इसी क्रम में बने हैं। पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य आश्रम में मेहनत करना, सेवा करना, विद्याध्ययन करना है। इसमें प्रकृति प्रदत्त तमस (आलस्य, अकर्मण्यता की स्वाभाविक प्रवृत्ति) समाप्त होती है। फिर 50 वर्ष की अवस्था तक गृहस्थ आश्रम में ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग करना, संसार के उत्पादन में योगदान देना, धन संपत्ति अर्जित करके कामनाओं की पूर्ति करना है। यह रजोगुण की अवस्था है। फिर शुरू होती है वानप्रस्थ अवस्था जिसमें संसार से पृथक होने की तैयारी, समाज को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देना शामिल है। यह सतोगुण की अवस्था है। इसके बाद संन्यास आश्रम आता है जिसमें सब कुछ त्यागकर एकमात्र ईश्वर के लक्ष्य के लिए साधना करना है। यह तीनों गुणों से पार जाने की अवस्था है। गीता में भी भगवान ने अर्जुन से ऐसा ही आह्वान किया है - निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन (2.45)। सारे वैदिक ग्रंथ इसी जीवनचर्या को अनुशंसित करते हैं। इसमें चमत्कारों और अंधविश्वासों के लिए कोई स्थान नहीं है। विवेकानन्द जी कहते थे कि लोग उनके पास साधु बनने के लिए आते थे तो वह उनसे पूछते थे कि तुम्हारे पास त्यागने के लिए अभी है क्या? न तो बलिष्ठ शरीर है, न धन है, न अहं है, फिर त्यागोगे क्या? वह कहते थे कि पहले कुछ अर्जित तो करो। पहले तमोगुण के पशुवत जीवन से निकलकर मनुष्य बनो तब तो साधु बनोगे। प्रसिद्ध संत प्रेमानंद जी महाराज के पास एक श्रद्धालु पीठ दर्द का इलाज पूछने गया तो उन्होंने कहा कि पीठ दर्द है तो डॉक्टर के पास जाओ, इसमें बाबा क्या करेगा? यही सत्यता है। पहले पुरुषार्थ से बल, धन, शक्ति की प्राप्ति, संग्रह और फिर श्रद्धा, जिज्ञासा और विवेक बुद्धि पर आधारित साधना से उनकी निरर्थकता की अनुभूति कर उनका लोक कल्याण के लिए त्याग। परंतु ज्ञान और तप से हीन, कुछ वाचाल कथावाचक अपना उल्लू सीधा करने के लिए श्रद्धालुओं को धर्म के प्रमाणित मार्ग से विचलित कर सीधे मोह माया के त्याग, चमत्कारों से सफलता की बात करके अकर्मण्य बना रहे हैं और अंधविश्वासों में उलझाए पड़े हैं। दुःख की बात यह है कि इनके कार्यक्रमों में लाखों लोग जा रहे हैं, कुछ टीवी चैनल धर्म के नाम पर चौबीसों घंटे इनकी ऊलजलूल बकवास को हिन्दुओं के मानस में भर रहे हैं। सनातनधर्म के मूल स्वरूप को बचाए रखने के लिए इस चुनौती का सामना करना आज के समय की आवश्यकता है।

निर्मला के दामन पर वसूली का आरोप...?



मुस्ताअली बोहरा

चुनावी बॉन्ड से जबरन वसूली, - सीबीआई-ईडी के बेजा उपयोग

सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स सहित अन्य ऐसी ही एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल या दुरूपयोग के आरोप केन्द्र सरकार पर लगते रहे है। पिछले कुछ दशकों में और खासकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों के कुछ पहले ये एजेंसियां सक्रिय होकर अपने टारगेट को जद में लेते रहीं हैं। इन एजेंसियों का निशाना अकसर विपक्ष के नेता और ऐसे ही कतिपय कारपोरेट कंपनियों के धनकुबेर रहे हैं। इस मामले में कई बार गैरभाजपाई राजनीति पार्टियों ने आवाज भी उठाई लेकिन ये आवाज दबकर रह गई। जब भी सीबीआई, ईडी या ऐसी ही एजेंसियों के दुरूपयोग की बात सामने आई तो इसे सियासी आरोप कहकर खारिज कर दिया गया। लेकिन इलेक्टोरेल बॉड के मामले और इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य खिलाफ शिकायत दर्ज होने से अब सीबीआई-ईडी आदि पर लगने वाले आरोप कुछ हद तक सच्चे लगने लगे हैं। बेंगलुरु में चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए नामित मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारण को राहत मिल गई है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ मामले में जांच पर 22 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। कर्नाटक बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष नलीन कुमार कटील ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में नलीन कुमार कटील सह-आरोपी हैं। इसी मामले में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने चुनावी बांड की आड़ में कुछ कंपनियों से जबरन वसूली की थी।

बेंगलुरू की एक विशेष लोक अदालत ने चुनावी बॉन्ड के जरिए उगाही की शिकायत पर सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर की याचिका पर सुनवाई के बाद ये एफआईआर दर्ज की गई। इससे पहले मार्च में स्थानीय पुलिस को शिकायत दी थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र, बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नलीन कुमार कतील और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के लाभ के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। उसने कहा कि चुनावी बॉन्ड की आड़ में पूरा जबरन वसूली का धंधा अलग-अलग स्तरों पर बीजेपी के अधिकारियों के साथ मिलकर चलाया गया।

कोर्ट को दी गई शिकायत में कहा गया है कि निर्मला सीतारमण ने ईडी के जरिए जेपी नड्डा और कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष नलीन कतील के लाभ के लिए हजारों करोड़ रुपये की उगाही करने में मदद की। निर्मला सीतारमण ने विभिन्न कॉरपोरेट्स, उनके सीईओ, एमडी आदि के यहां छापे मारने, जब्ती करने और गिरफ्तारियां करने के लिए ईडी की सेवाएं लीं। ईडी की छापेमारी के डर से कई कॉरपोरेट कंपनियों, उनके सीईओ, एमडी आदि के यहां छापेमारी, जब्ती और गिरफ्तारी का डर दिखाकर कई करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदने के लिए मजबूर किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों और संवैधानिक पदों पर बैठे कई अन्य लोगों, एमएनसी और टीएनसी कॉर्पोरेट कंपनियों के सीईओ और एमडी के साथ मिलकर चुनावी बांड की आड़ में जबरन वसूली की। शिकायत में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूलने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में एल्युमिनियम और कॉपर की दिग्गज कंपनी मेसर्स स्टरलाइट एंड मेसर्स वेदांता कंपनी का उदाहरण दिया गया है, जिन्होंने अप्रैल 2019, अगस्त 2022 और नवंबर 2023 के बीच 230.15 करोड़ रुपये इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिए। वहीं मेसर्स ऑरोबिंदो फार्मा ग्रुप ऑफ कंपनीज ने 5 जनवरी 2023, 2 जुलाई 2022, 15 नवंबर 2022 और 8 नवंबर 2023 के बीच 49.5 करोड़ रुपये दिए। ये शिकायत सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत दर्ज कराई गई है। जुमार्ने और जुमार्ने रहित सात साल से कम की कैद की सजा वाले अपराध के लिए अतिरिक्त चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, बेंगलुरु का कोर्ट निर्धारित है। इन अपराधों के लिए आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली), 120बी (आपराधिक साजिश) के साथ आईपीसी की धारा 34 (एक मकसद के लिए कई लोगों की एकसाथ मिलकर की गई कार्रवाई) के तहत शिकायत दर्ज की गई है।

फरवरी में सर्वोच्च अदालत ने चुनावी बॉन्ड योजना को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह संविधान के तहत सूचना के अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमानीह्न करार देते हुए 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया था कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपे। न्यायालय ने आयोग को संबंधित विवरण 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया था। इस मामले में वित्त मंत्री सीतारमण को मुख्य आरोपी बनाया गया है। वहीं ईडी के अधिकारियों को दूसरे आरोपी के रूप में नामित किया गया है, इसके अलावा तीसरे आरोपी केंद्रीय कार्यालय के पदाधिकारी हैं। एफआईआर में चैथे नंबर पर कर्नाटक बीजेपी के पूर्व सांसद नलिन कुमार कतील का नाम है। बीजेपी अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र भी मामले में पांचवें आरोपी हैं। छठे आरोपी के तौर पर प्रदेश बीजेपी पदाधिकारियों का नाम हैं। कुल मिलाकर, मामला अब न्यायालय में है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भले ही दर्ज एफआईआर पर आगे की जांच के लिए रोक लगा दी हो लेकिन अब सियासत तेज हो गई है। मामला सीधे वित्त मंत्री से जुड़ा है और आरोपों की जद में सीबीआई-ईडी भी है लिहाजा विपक्षी दलों को केन्द्र सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। विपक्षी पार्टियों के आक्रमण की तलवार की धार जो कुछ कुंद हो गई थी वो इस मामले से धारदार तो हो ही जाएगी।

होने वाली पत्नी के साथ मिलकर युवक कर रहा था प्रतिबंधित मांस की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : किसी भी युवक या युवती की शादी तय होती है तो वे किसी अच्छी जगह घूमने का प्लान बनाते हैं। लेकिन जिंदगी भर साथ निभाना की कसम खाने वाला युवक अपनी होने वाली पत्नी के साथ प्रतिबंधित मांस की तस्करी करने लगा। इसका खुलासा तब हुआ जब बुधवार की सुबह हिंदू संगठन के सदस्यों ने एक युवक और युवती को गो मांस की तस्करी करते हुए पकड़ा। हिंदू संगठन के सदस्यों ने उन दोनों तस्करों को रामगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़े गए लोगों में रामगढ़ शहर के न्यू कॉलोनी, दुसाध मोहल्ला निवासी सरफराज आलम पिता मो शमीमुल्लाह आलम और नई सराय बस्ती निवासी सिमरन परवीन पिता मोहम्मद आजाद शामिल हैं। इस घटना की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित मांस की तस्करी के मामले में युवक और युवती को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गांधी जयंती के मौके पर उजागर हुआ गो तस्करी का यह मामला काफी गंभीर हो गया है। नवरात्रि शुरू होने से ठीक 1 दिन पहले महालया के दिन इस वारदात ने जिला प्रशासन और आम नागरिकों के होश फाख्ता कर दिए हैं। पकड़े गए युवक और युवती की गाड़ी से भारी मात्रा में गौ मांस मिले हैं। पकड़े गए सरफराज आलम ने बताया कि 2 अक्टूबर को ही उसकी शादी सिमरन परवीन के साथ होने वाली थी। वे दोनों पूरे समाज के सामने निकाह पढ़ते और पार्टी के मेन्यू में प्रतिबंधित मांस पकाने वाले थे। रामगढ़ पुलिस के सामने सरफराज आलम ने बताया कि वह अपनी होने वाली पत्नी सिमरन परवीन के साथ मारुति 800 जेएच 01 ए 5060 से इरबा गया था। वहीं से इसने प्रतिबंधित मांस खरीदा और गाड़ी की डिक्की में डाल दिया। बुधवार की सुबह 3:00 बजे के आसपास जब वह रामगढ़ कॉलेज के पास पहुंचा तो कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी को रोकने का इशारा किया। लेकिन वह वहां नहीं रुका और गाड़ी तेजी से आगे बढ़ा दिया। हिंदू संगठन के सदस्यों ने उसकी गाड़ी का पीछा किया और रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ओवरटेक कर उन्हें पकड़ा। हिंदू संगठन के नेता दीपक मिश्रा और उनके सभी सहयोगी रामगढ़ थाना पहुंचे और प्रतिबंधित मांस की तस्करी करने वाले सरफराज आलम और सिमरन परवीन के खिलाफ आवेदन दिया है। दीपक मिश्रा ने बताया कि पकड़ी गई गाड़ी से पिछले 4 वर्षों से प्रतिबंधित मांस की तस्करी की जा रही थी। इसकी सूचना संगठन को लगातार मिल रही थी। रामगढ़ पुलिस प्रशासन को भी इसके बारे में बताया जा रहा था। जब पहल नहीं हुई तो मंगलवार की रात से ही संगठन के सदस्यों ने उस गाड़ी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जैसे ही उन्हें सूचना मिली, उन लोगों ने सरफराज और उसकी सहयोगी सिमरन को पकड़ा। दीपक मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ जिले में प्रतिबंधित मांस की तस्करी को लेकर पहले भी बड़ी वारदात हो चुकी है,बजिसका दंश आज भी संगठन के कई सदस्य झेल रहे हैं। झारखंड में प्रतिबंधित मांस को लेकर कड़े कानून बनाए गए हैं, लेकिन उसका अनुपालन नहीं हो रहा।

संक्षिप्त खबरें

विधानसभा चुनाव को लेकर 120 मास्टर ट्रेनरों को मिला प्रशिक्षण

पलामू : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव के निमित 120 मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन स्थलों पर आयोजित किया गया। क्रमांक 1 से 40 तक के मास्टर ट्रेनरों को समाहरणालय के ऊपरी तल्ला स्थित सभा कक्ष, क्रमांक 41 से 80 तक के मास्टर ट्रेनरों को समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित सभाकक्ष व 81 से 120 क्रमांक वाले मास्टर ट्रेनरों को पुराना डीआरडीए के सभा कक्ष में ट्रेनिंग दी गयी। सभी मास्टर ट्रेनरों को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान केंद्र पर पहुंचने से पूर्व, मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद और मतदान खत्म होने के बाद मतदानकर्मियों द्वारा कार्य निष्पादन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं, सैद्धांतिक व व्यावहारिक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सभी मास्टर ट्रेनरों को मॉक पोल के बाद मतदान समाप्ति के बाद विभिन्न प्रपत्रों को भरने के बिंदुवार व्यावहारिक जानकारी दी। मतदान के दौरान मतदानकर्मियों के समक्ष आनेवाली विविध समस्याओं से अवगत कराया और उक्त समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी, वहीं अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य मतदान कर्मियों के कार्य और दायित्व और प्रदत शक्तियों की चर्चा करते हुए चौलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट व प्रॉक्सी वोट के संबंध में मास्टर ट्रेनरों को अवगत कराया।

महात्मा गांधी की जीवनी एक दर्शनशास्त्र : डॉ. जीएन खान

मेदिनीनगर (पलामू) : एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं यशस्वी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, डॉक्टर जी. एन. खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ राष्ट्रपिता एवं शास्त्री जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोंचार के साथ दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। डॉक्टर खान ने अपने उद्बोधन में बताया कि महात्मा गांधी जी का जीवन एक दार्शनिक के समान था। उनकी जीवनचर्या हमारे लिए अनुकरणीय है। उनके जीवनी का अध्ययन, दर्शन शास्त्र के अध्ययन जैसा है। बापू एक महामानव एवं युगपुरुष थे। उनका आदर्श, सच्चाई, स्वच्छता और अहिंसा से परिपूर्ण था। यह एक ऐसा शस्त्र था, जिसके सामने ब्रिटिश सरकार के आधुनिक हथियारों को भी मुंह की खानी पड़ी। उन्होंने स्वच्छता का नारा दिया ।गांधी जी कहते थे कि ईश्वर ने हमें इस दुनिया में सरल जीवन जीने के लिए भेजा है। हम अपनी लिप्सा के कारण उसे कठिन बना देते है।

एक नजर

गांधी जयंती पर निकली गयी रैली

सिल्ली : सिल्ली दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल मुरी के डॉक्टर जे कश्यप के नेतृत्व में 2 अक्टूबर गांधी जयंती मौके पर स्वस्थ भारत दिवस को लेकर एक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मुरी रेलवे अस्पताल से निकलकर रेलवे कॉलोनी, मुरी बाजार में नारा लगाते हुए अपने आसपास साफ सफाई करें रोग मुक्त रहें जीवन अनमोल है उसे पहचाने आदि के नारे लगाते हुए रेलवे अस्पताल जाकर संपन्न हुई। इस मौके पर रेलवे के सी एच आई अभिषेक कुमार, भारत स्काउट गाइड के लीडर शाहिद आदि कर्मचारी गण उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

सिल्ली: सिल्ली रेलवे स्टेशन के समीप दक्षिणी छोर की ओर लाइन नंबर दो पर ट्रेन के चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की कट कर मौत हो गई। जिसकी पहचा न राजा टोला निवासी महेंद्र सिंह, उम्र 55 वर्ष के रूप में मृतक के बेटे रमन सिंह ने किया और बताया कि मृतक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह मंगलवार को दोपहर में खाना खाने के बाद घर से निकले फिर वे घर वापस नहीं आए। हम लोगों ने देर रात तक इधर-उधर खोजबीन किया परंतु वह नहीं मिले। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स भेज दिया।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर : चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का समापन समारोह महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित कर संपन्न हुआ। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि डॉ. डी.एन. ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छता और बीमारियों की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक स्वच्छ और सुंदर समाज की स्थापना में भी सहायक है। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही हम एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज की कल्पना कर सकते हैं। इस अवसर पर एक विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। समारोह के अंत में कॉलेज हॉल में एनएसएस द्वारा इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसएस का कार्य सराहनीय है और हमें अपने विचार और व्यवहार में स्वच्छता लाने की जरूरत है। उन्होंने दोनों प्रोग्राम ऑफिसर्स को धन्यवाद दिया।

टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों ने नौकरी को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

अनगड़ा : अनगडा हेसल में बने रिंग रोड एन एच 33 में टोल प्लाजा बनाया गया है और स्थानीय लोगो को नौकरी नहीं मिलने ओर टोल वसूली की जा रही है जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगो को अधिकारी के पास अपनी बातों को रखा की अनगडा प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों के लोगों से टोल नहीं लिया जाय और स्थानीय लोगों को यहां नौकरी दिया जाय लेकिन टोल टैक्स के मनिजर ने कहा कि नौकरी देंगे पर टोल टैक्स पर साफ इंकार कर दिया मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान जे बी के एस एस के केंद्रीय उपाध्याच जलेश्वर उर्फ मार्शल केंद्रीय संगठन मंत्री सूरज नारायण महतो केंद्रीय सदस्य फलीन्दर करमाली डॉ रिझू नायक भाजपा नेता सुरेंद्र अब्दुल इमाम अंसारी महतो सुधांशु महतो मंटू चौधरी गोतम चौधरी भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा (आपूर्ति शाखा)

सूचना

एतद द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों एवं सभी झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (JSFSS) से आच्छादित लाभूकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय पत्रांक 1250, दिनांक 13.05.2024 द्वारा निदेश प्राप्त है कि झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पूर्व के माहों (Backlog) के खाद्यान्न के साथ-साथ वर्तमान माह (Current) के खाद्यान्न का वितरण किया जाना है। जिसका समय सारणी निम्नवत् है :-

माह जिसमें वितरण कार्य किया जाना है।	माह के प्रथम पखवाड़ा में वितरण हेतु कार्य योजना		माह के द्वितीय पखवाड़ा के वितरण हेतु कार्य योजना	
	माह	वितरण का समय	माह	वितरण का समय
अक्टूबर, 2024	दिसम्बर, 2023	01.10.2024 से 15.10.2024	अक्टूबर, 2024	16.10.2024 से 31.10.2024
नवम्बर, 2024	जनवरी, 2024	01.11.2024 से 15.11.2024	नवम्बर, 2024	16.11.2024 से 30.11.2024
दिसम्बर, 2024	फरवरी, 2024	01.12.2024 से 15.12.2024	दिसम्बर, 2024	16.12.2024 से 31.12.2024

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 337734 Simdega(24-25)#D

विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घघाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

अनगड़ा : अनगड़ा पंचायत बेजनाथ टाटा गांव में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के पहल से 100 के वी ए का नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया। उक्त बिजली ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब था ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी देखा गया। एक बुजुर्ग महिला के साथ प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी ने सामूहिक रूप से फीता काटकर कर ट्रांसफार्मर उद्घाटन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव महिला अध्यक्ष सरीता देवी विधायक प्रतिनिधि मत्स्य विभाग सचिन नायक युवा अध्यक्ष अजय आर्या उर्फ करमाली कांग्रेस नेत्री अनीता देवी, यशोदा देवी, उमा देवी, पिंकी देवी युवा नेता छोटेलाल महतो, दुतीलाल करमाली सहित ग्रामीण मुकेश कुमार महतो, अजय करमाली, बेनीलाल महतो, संजय महतो इत्यादि।

सरिया में नाबालिग के साथ दुष्कर्म आरोपियों पर मामला दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरिया (गिरिडीह) : सरिया की एक नाबालिक 17 वर्षीय किशोरी के साथ यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है जिसे लेकर पीड़ित पक्ष की मां के द्वारा सरिया थाना में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवरकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए आवेदन में बताया गया है कि मेरी नाबालिक किशोरी पुत्री जो दसवीं कक्षा की छात्रा है उसके साथ एक युवक के द्वारा डरा धमका कर यौन शोषण किया गया है । इसकी जानकारी पीड़ित किशोरी के द्वारा घर में दिए जाने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाने का काम किया गया है ।किशोरी के अनुसार उसे कई तरह की धमकी देकर यौन शोषण किया गया एवं विरोध करने पर उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी भी दी गई। और इकलौते भाई को कहीं रास्ते में जान से मारने की भी धमकी दिया गया। मामला स्वजनों तक पहुंचने पर अश्लील वीडियो को उसके भाई के मोबाइल पर भेज कर मामला दबाने की कोशिश की गई ।कहा गया कि अगर विरोध किया गया तो इस वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया जाएगा। घटना की जानकारी सरिया पुलिस को मिलते ही चार आरोपी जिसमे घटना में शामिल मुख्य आरोपी के अलावा इस घटना में साथ देने वाले भाई ,पिता और माता पर पोक्सो एक्ट एवम भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच में जुट गई है ।इस मामले की पुष्टि सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने भी किया है ।

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager, Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Mont Fort School, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail ID:- gmtzone5hzb@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

Sl. No.	N.I.T. No.	Description of Work	Earnest Money Deposit (Rs.)	Cost of Tender (Non Refundable) (Rs.)
01	224/PR/JUSNL /2024-25	Work order of Painting of MS structure i.e. Switchyard fencing, FF Piping and Point Box, Discoloured walls etc. Within the premises of 400/220KV GSS, Patratu	Rs.19,500.00/-	Rs.1250+18%GST = Rs.1475/-
02	225/PR/JUSNL /2024-25	Work order of Protection of Tower Footing at Locatin No.- 49 of 220KV D/C Govidnpur – Dumka Transmission Line.	Rs.19,200.00/-	Rs.1250+18%GST = Rs.1475/-
03	226/PR/JUSNL /2024-25	Procurement of 33KV Side Materials for day to day maintenance work of 400/220KV GSS, Patratu.	Rs.22,400.00/-	Rs.2500+18%GST = Rs.2950/-
04	227/PR/JUSNL /2024-25	Procurement of Solar Street Light & Rechargeable Torch for 400KV/220KV Grid Sub-station, Patratu on urgent basis.	Rs.23,300.00/-	Rs.2500+18%GST = Rs.2950/-
05	228/PR/JUSNL /2024-25	Procurement of Tower Materials for maintenance work of 400KV D/C Twin Moose Ranchi (New) – Patratu Transmission Line.	Rs.20,800.00/-	Rs.2500+18%GST = Rs.2950/-

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 05/10/2024 from 1:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 26/10/2024 upto 2:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 28/10/2024 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 28/10/2024 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone-V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone –V, Hazaribag

PR 337757 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)

विस चुनाव की तैयारी को लेकर भाकपा माले ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरिया(गिरीडीह) : सरिया में भाकपा माले का जीबी बैठक आगामी विद्यानसभा की तैयारी को लेकर हाई स्कूल स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव लालमणी यादव एवम संचालन भोला मंडल कर रहे थे।शुरूआत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन रखकर महापुरुषों को श्रद्धांजली दी गयी।बतौर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह जी मौजूद रहे।संबोधित करते हुए बगोदर विधायक ने कहा कि 2024 का विद्यानसभा का चुनाव कई मायनों में खास है क्योंकि इस बार एक तरफ अपनी पूरी ताकत पूरा तंत्र पूरे देश की सत्ता को यहां लगाकर केंद्र की मोदी सरकार झारखंड और झारखंड की माटी को हथियाने की साजिश रच रही है उनका उद्देश्य चुनाव को सिर्फ जित लेने भर नही है बल्कि यहां के आदिवासी मूलवासी के अधिकारों को छिनने के लिए सत्ता हासिल करना है यहां के जल जंगल जमीन को कॉरपोरेट के हाथों बेचने के लिए सत्ता हासिल करना है।यहां के गरीब गुरबों मजदूर किसानों,छात्र नौजवानों को बेघर करने की साजिश रची जा रही है। पांच वर्ष तक लगातार झारखंड की उपेक्षा करने वाली केंद्र की सत्तासीन भाजपा आज चुनाव के वक्त झारखण्ड की हितों की बात कर रही है ये बात आप सभी को समझने की जरूरत है।बगोदर के लोगों ने विश्वास किया माले को मौका दिया तो आज आप देख रहे हैं पूरे बगोदर विधानसभा में विकास के नए कीर्तिमान रचे जा रहे हैं चाहे अनुमंडल भवन हो अनुमंडल स्तरीय अस्पताल हो,इंडोर स्टेडियम हो,राजदाह धाम का सौंदर्यीकरण हो,चीरुआं शरीफ का सौंदर्यीकरण हो या शिवशक्ति धाम का हर तरफ काम हो रहा है,नई सड़कों की स्वीकृति,पुराने सड़कों का सुदृढ़ीकरण,पुल पुलिया हों या अनुबंध कर्मियों की लड़ाई का सवाल हो,राज्य के पोषण सखियों को पुनः बहाल करने का सवाल हो इन सभी सवालों को हल करने की जो ताकत मिली है ये बगोदर विधानसभा की जनता के भरोसे ही संभव हो पाया है और इस बार भी जनता का भरोसा व साथ मिलेगा इएल्के लिए फिर से उपस्थित कार्यकताओं को अपने-अपने बूथ का कमांडर बनना होगा व हर बूथ को जीतने के लिए मजबूत बूथ कमिटियों का गठन करना होगा। साथ ही घर घर जाकर उपलब्धियों को बताते हुए,भाजपा के लूट झूठ का पदार्फाश करते हुए जनता को एकजुट करने की अपील की। मौके पर राज्य कमिटी सदस्य पुरन महतो, पवन महतो, जिला कमिटी सदस्य मनोज पांडेय, रेणु रवानी, सोनु पांडेय प्रखंड कमिटी सदस्य केदार मंडल, लक्ष्मण मंडल, महेंद्र मंडल, महानंद सिंह, कामेश्वर यादव, जिम्मी चौरसिया, रामा सिंह, महेंद्र मंडल, अविनाश सिंह, गोविंद महतो, रशीद अंसारी, कुश, राहुल, प्रमोद, अमन, सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी सदस्य व समर्थक मौजूद थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-40/2024-25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 16.10.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 17.10.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.10.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू.)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.)	अग्रधन की राशि (रू.)	कार्य समाप्ति की अवधि।
1	Renovation of "B" Type Qtr. No. -2040 (S.F) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	3,49,700.00	750.00	7000.00	1 Month
2	Renovation of "B" Type Qtr. No. -2494 (Second Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	3,96,900.00	750.00	8000.00	1 Month
3	Renovation of "B" Type Qtr. No. -230 (Ground Floor) in Sector-1 at HEC, Dhurwa, Ranchi	3,99,000.00	750.00	8000.00	1 Month
4	Renovation of "B" Type Qtr. No. -1835 (Second Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	3,95,300.00	750.00	8000.00	1 Month
5	Renovation of "B" Type Qtr. No. -1641 (First Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	3,91,500.00	750.00	8000.00	1 Month
6	Renovation of "B" Type Qtr. No. -2318 (Ground Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	2,93,300.00	750.00	6000.00	1 Month
7	Renovation of A Type Qtr. No. -82 at Sector-3, HEC, Dhurwa, Ranchi	2,99,500.00	750.00	6000.00	1 Month
8	Renovation of B Type Qtr. No. -1726 (F.F) at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi	3,62,600.00	750.00	7500.00	1 Month
9	Repair of Staff Qtr. No.-135 Located at Doctor's Colony, Baryatu, Ranchi	3,77,100.00	750.00	8000.00	1 Month
10	Repair of RIMS Staff Qtr. No.-167 Located at Doctor's Colony Bariyatu, Ranchi	4,62,500.00	750.00	9500.00	1 Month
11	Renovation of Staff Quater No.-120 (G.F) Located at Doctor's Colony, RIMS, Bariyatu, Ranchi	5,83,800.00	1250.00	12000.00	1 Month
12	Door Choukhat Panneling and Alteration of 2 Nos Toilet with painting of Office for Road Safety Department in Ground Floor of Engineering Hostel No.-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	9,88,800.00	1250.00	20000.00	2 Months
13	Renovation of B Type Qtr. No. -546 (S.F) at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi	3,79,300.00	750.00	8000.00	1 Month

नोट :- निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

PR.NO.337838 Building(24-25):D

एक नजर

इंस्पेक्टर ने जामताड़ा से एक साइबर ठग को किया गिरफ्तार

साहिबगंज : बोरियो प्रभाग इंस्पेक्टर नोनू देव राय ने बुधवार को प्रेस प्रेस व्यप्ति जारी करते हुए बताया कि बोरियो थाना क्षेत्र के बोरिया निवासी सोनू कुमार शाह लिखित आवेदन पर 2020 में साइबर ठगी मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। उक्त मामले को लेकर बोरियों प्रभाग इंस्पेक्टर नोनू देव राय, बोरियों एस आई, रामधन उरांव दल बल के साथ पुलिस जामताड़ा पहुंचकर साइबर ठगी आरोपियों को गिरफ्तारी करने में जुड़ गया और ठगी आरोपियों को गिरफ्तारी करने को लेकर विभिन्न जगहों में छापेमारी की इस दौरान जामताड़ा जिले के बिशनपुर गांव से भानु सिंह को पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस के आधार पर गिरफ्तार किया। उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 2020 में बरहेट निवासी सोनू कुमार साह, पिता जगदीश साह खाते से 71000 साईबर ठगो ने अवैध रूप से पैसे निकासी कर ली थी। वहीं पुलिस ने बुधवार को साइबर ठगो को साहिबगंज जेल भेज दिया है।

लोगाई के पास ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, ट्रक पलटा

बरहेट : थाना क्षेत्र के बरहेट बोरियों मुख्य सड़क अंतर्गत लोगाय हटिया के पास देर शाम बुधवार को लोगाय हटिया समीप ट्रक ने टेंपो, मोटरसाईकिल को जोरदार टक्कर मारी,जिसे टेंपो चालक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,जबकि ट्रक सड़क किनारे पलट गया। घटना से टेंपो, मोटरसाइकिल, पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक 709 संख्या जेएच 01डीडबल्यू5287 टेंपो चालक भगैया निवासी लोकेश कुमार 30 वर्षीय, मोटरसाइकिल चालक रांगा निवासी सुलेमान सोरेन 40 वर्षीय, चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक बोरियो से बरहरवा की ओर जा रहा था,उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो, मोटरसाइकिल, को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल, टेंपो चालक, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक नशे के धूत में ट्रक चला रहा था, इससे पूर्व में भी बरहेट बोरियों मुख्य सड़क में कई लोग बाल बाल बच गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया, जहा डॉक्टर संतोष टुडू ने प्राथमिक उपचार किया। खबर लिखे जाने तक घायलों को इलाज जारी था।

गांधी जयंती पर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

पटमदा : गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत लावा में पीपल्स प्लान कैंपेन के तहत सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025- 26 के तहत हेतु प्रशिक्षण सह अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पंचायत के मुखिया कानूराम बेसरा,पंचायत सचिव धनश्याम महतो, बीएओ देव कुमार,प्रखंड समन्वयक सोनी कुमारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित ग्राम पंचायत लावा में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के मुखिया कानुराम बेसरा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पिरामल फाऊंडेशन के गांधी फेलो वाहिद जामान, रानी छत्रपति शिवाजी का अहम भूमिका रहा। जिसमें पंचायत अंतर्गत सभी वार्ड सदस्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम प्रधान एवं पंचायत के नागरिक बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाई।

गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : बुधवार को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता दौड़ आयोजित किया गया। सर्वप्रथम जिला के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार,अपर समाहर्ता गौतम भगत ने संयुक्त रूप से स्वच्छता दिवस एवं महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर साहिबगंज नगर थाना स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता दौड़

स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता दौड़ साहिबगंज थाना स्थित गांधी चौक से शुरू होकर सरदार वल्लभभाई पटेल चौक से होते हुए मुक्तेश्वर घाट तक पहुंची जहां पदाधिकारी एवं नागरिकों द्वारा गंगा घाट की सफाई की गई।

स्वच्छता ही सेवा की दिलाई गई शपथ

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने संयुक्त रूप से मुक्तेश्वर घाट में पदाधिकारियों सहित अन्य सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई।

स्वच्छता ही सेवा का किया गया सम्मान

आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव, स्वच्छता संस्कार स्वच्छता का सम्मान किया गया। स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता का सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, नगर प्रशासक साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरव प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने कहा की 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान चलाया गया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ. राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। स्वच्छता को अपनी आदतों में शुमार करें। उन्होंने कहा कि हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे।

अपनी मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने की झामुमो नेता एमटी राजा से मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहेबगंज : बुधवार को साहेबगंज जिला के मनरेगा कर्मचारी संघ के कर्मी राजमहल के वरीय जेएमएम नेता मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा से मुलाकात की। इस दौरान मनरेगा कमीयों ने साहेबगंज जिला के विभिन्न प्रखंड से ग्राम रोजगार सेवक,लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक, कनीय अभियंता और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अहले सुबह एमटी राजा से मिलकर अपनी मांगों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। सभी कर्मियों ने बताया की पूरे झारखंड राज्य भर में करीब 5600 मनरेगा कर्मी विगत 22 जुलाई 2024 से लगातार 73 दिन से अपनी चिर लंबित मांग की पूर्ति हेतु अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सभी ने कहा कि इस महगाई की दौर पर बहुत ही अल्प मानदेय पर हम लोग सरकार की महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने का कार्य करते है। कोरोना महामारी के कठिन समय भी मजदूरों को कार्य दे कर उनकी आजीविका में मदद की थी, लेकिन आज 73 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार और विभाग के द्वारा मनरेगा कर्मी की मांग पर कोई उचित पहल नहीं की जा रही है। इस पर एमटी राजा ने सभी को विश्वास दिलाया कि वो शीघ्र ही मुख्यमंत्री से आप लोगो के समर्थन के लिए मांग पर विचार करने का अनुरोध करेंगे। इस पर उन्होंने त्वरित पहल करते हुए विभाग के मंत्री ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और सचिव से भी वार्ता कर मनरेगा कर्मियों के मांग पर सार्थक पहल करने का अनुरोध किया। इस दौरान बीपीओ सत्यप्रकाश कुमार, मो सोहर वर्दी, गगन बापू, असरफ अली, मो माउद आलम, जावेद इकबाल, निरंजन ओझा, अरुण उपाध्याय, गोपाल कुमार, महताब आलम, मो अब्दुल्ला, हफीजुर रहमान, मनीष कुमार, सहित अन्य मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

कांग्रेस कमेटी की ओर से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरहरवा : प्रखंड में 2 अक्टूबर 2024,दिन बुधवार को बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से बरहरवा के झिकटीया रोड में स्थित निशा मैरिज हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञात हो कि हमलोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155 वीं जयंती माना रहे है। यह दिन न केवल हमारे देश के लिए, बल्कि विश्व स्तर पर भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। सत्य, अहिंसा और निस्वार्थ सेवा के गांधी जी के सिद्धांत हमें मार्गदर्शन देते हैं, और हमें शांतिपूर्ण प्रतिरोध और समावेशी नेतृत्व की परिवर्तनकारी शक्ति की याद दिलाते हैं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने अपने संबोधन में बताया की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को आकार देने में महात्मा गांधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका ने पार्टी को भारत की स्वतंत्रता के लिए एक जन आंदोलन में बदल दिया, जिसने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे ऐतिहासिक अभियानों के माध्यम से राष्ट्र को एकजुट किया। कांग्रेस परिवार के सदस्यों के रूप में, इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। एकता और करुणा की उनकी शिक्षाओं को याद रखना और उनकी पुष्टि करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। गांधी जी केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे। वो एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने छुआछूत, जातिवाद और महिलाओं के प्रति भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। बापू कहते थे कि किसी भी समाज का विकास तभी संभव है, जब उसमें हर किसी को समान अधिकार मिले।

आजसू कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : बुधवार को आजसू पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चलचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर इन दोनों महान विभूतियां को याद किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि महात्मा गांधी की सत्य अहिंसा की नीति पर चलकर इस देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया बापू ने पूरे विश्व को यह बतलाया कि बिना लड़ाई झगड़ा के बिना भी कोई जंग जीती जा सकती है। बापू के स्वच्छता क्रांति ने भी पूरे मनुष्य के जीवन को परिवर्तन करने में क्रांतिकारी बदलाव लाने का काम किया था। साथ ही साथ आज ₹जय किसान जय जवान₹ का नारा बुलंद करने वाले भारतीय राजनीतिक में एक अमिट छाप छोड़ने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को भी याद किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगीता देवी, जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश यादव, गोविंद पासवान, किसान मोर्चा के रुदल यादव, मजदूर संघ के दीपक शर्मा, अभिषेक कुमार, राजू कुमार, श्रवण केसरी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के लायलम पंचायत के छातडुंगरी गांव में मिजार्डीह विस्थापित एकता मंच के सदस्यों ने बुधवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाया गया। इस अवसर मंच के सदस्य बिश्वनाथ महतो ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का अतुलनीय भूमिका रहा और उनके आदर्शों को जीवन में अपना कर विस्थापितों के हक अधिकार दिलाने के लिए गांधीवादी तरीके से अहिंसा के रास्ते पर चल कर जिला प्रशासन एवं टाटा स्टील के तमाम कार्यालयों के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जब तक विस्थापितों को सम्पूर्ण अधिकार नहीं मिलेगा हमलोग चैन से नहीं बैठेंगे। झारखंड प्रदेश में हर जगह विस्थापितों के साथ राजनीति होती है। इसमें क्षेत्र के विधायक, सांसद, जिला प्रशासन समझौते के नाम पर कंपनी से मोटी रकम ले कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है।अगले चुनाव में फिर विस्थापन को मुद्दा बनाया जाता है।परंतु विस्थापितों की स्थिति जस के तस बनी रहती है। हमें इस प्रकार के छलावे से दूर रहना होगा। तमाम विस्थापितों को एक हो कर अपनी आवाज बुलंद करना पड़ेगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बुद्धिजीवी वर्ग के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक महात्मा गांधी थे। मौके पर बुद्धेश्वर महतो, चंदन महतो, माणिक चंद्र बेसरा, नवघण महतो, मकुन्द मकुन्दर, कृतिवास, प्रताप महतो, विश्वनाथ सिंह, मनसाराम सिंह, गणेश सिंह, कार्तिक सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, भोला सिंह, लंबोदर मुर्मू, श्रावण मुर्मू एवं स्वपन कुमार आदि विस्थापित लोग शामिल थे।

बरहेट में ब्लास्ट कर एनटीपीसी एमजीआर लाइन को उड़ाया, जांच को पहुंचे एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा घुट्ठ गाँव के पास ललमटिया से फरक्का की ओर जाने वाली एमजीआर रेलवे लाइन को बीते मंगलवार की रात करीब 12 बजे के आसपास उपद्रवियों ने विस्फोटक लगाकर ब्लास्ट किया है। हालांकि घटना की वजह अबतक स्पष्ट नहीं हो पाया है। धमाके से रेलवे ट्रैक पर तीन फुट गहरा गड्ढा बन गया है और ट्रैक के अवशेष लगभग 40 मीटर दूर गिरा पाया गया है। यह घटना रांगा घुट्ठ गाँव के पास पोल संख्या 40/1 के आस-पास घटित हुई। रात में इस धमाके की आवाज एमजीआर रेलवे लाइन के आसपास के गांव के लोगों ने भी सुना है। घटना में किसी भी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। घटना स्थल पर स्थित पोल संख्या 42/02 पर कोयला लोड रेल गाड़ी खड़ी है। इस एमजीआर लाइन से गोड्डा के ललमटिया से कोयला लेकर फरक्का जाती है। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार को एसपी अमित कुमार सिंह, बड़हरवा डीएसपी मंगल सिंह जामुदा, एनटीपीसी के असिस्टेंट इंजीनियर शरबत हुसैन, जूनियर इंजीनियर देवायान, बरहेट थाना प्रभारी पवन यादव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जहां घटना की छानबीन शुरू कर दी है और पुलिस को 15 मीटर की दूरी पर ब्लास्ट में उपयोग किए गए तार मिले हैं। इसपर पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। बताते चलें कि पिछले पांच वर्ष से इन इलाकों में असम की प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन नेशनल संथाल लिबरेशन आर्मी के लोगों की सक्रियता रही है। पुलिस इस एंगल से भी जोड़कर जांच कर रही है। इधर, एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना से जुड़े कई एंगल पर जांच की जा रही है। ब्लास्ट में उपयोग किए जाने वाली सामग्री का पता लगाने के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। जल्द ही पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

संक्षिप्त खबरें

ट्रेन से गिरकर युवक घायल

साहिबगंज : जीआरपी रेल थाना अंतर्गत मिजाचौकी रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक घायल अवस्था में जीआरपी पुलिस को मिला। वहीं जीआरपी पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर डॉक्टर मोहन मुर्मू ने इलाज किया वही घायल युवक की पहचान कहलगांव आशमरन घाट निवासी छोटू यादव के 25 वर्षीय पुत्र मिट्ठू कुमार यादव के रूप में हुआ। वही मिट्ठू कुमार यादव को होश आने पर बताया की मंगलवार की रात्रि कहलगांव से हावड़ा गया एक्सप्रेस से साहिबगंज के घाट लाइन अपनी मौसी के घर जा रहे थे, तभी मिजाचौकी रेलवे स्टेशन के समीप चक्कर आने से गिर गए जिससे मैं बेहोश हो गया। वही सुबह में जीआरपी पुलिस ने इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया जहां जीआरपी पुलिस से बात करने पर बताया की जांच की जा रही है।

बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक धायल

साहिबगंज : जिला के बरहरवा थाना अंतर्गत बरहरवा निवासी महावीर महतो के 25 वर्षीय पुत्र महेश कुमार महतो बरहरवा से बरहेट जाने के क्रम में बाइक का आमने सामने टक्कर हो जाने से महेश कुमार महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। वही राहगीरों ने इलाज के लिए बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां साहिबगंज सदर अस्पताल में डॉक्टर विवेकानंद ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही परिजनों ने बताया की महेश कुमार महतो फाइनेंस कंपनी में काम करता है जो बरहरवा से बरहेट फाइनेंस कंपनी का पैसा उठाने के लिए जा रहा था,तभी रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। वही महेश कुमार महतो को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

सड़क हादसे में पूर्व मुखिया की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

साहिबगंज : बरहेट थाना क्षेत्र के बरहरवा बरहेट मुख्य सड़क अंतर्गत बुधवार को दो बाइक आमने-सामने की टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर गांव निवासी मुंशी किस्कू (35) अपनी पत्नी रेणुका हांसदा (28) बरहेट से अपने घर रघुनाथपुर जा रहा था, उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कोयरीपाड़ा निवासी महेश कुमार महतो (25) उसके सहयोगी मुन्ना महतो के साथ बरहेट की और जा रहा था। तभी बरमसिया चौक में दोनो बाईक आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गया, जिसमे तीनो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में महेश महतो के सहयोगी मुन्ना महतो को सामान्य चोट है वही दो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां डॉक्टर तापस मुर्मू और दिलीप कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। साथ ही घायलों को सर पर अंदरूनी चोट लगने के कारण बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सड़क हादसे में पूर्व मुखिया इलाज ले जाने के क्रम में लिटीपाड़ा में हो गई मौत इधर बरमसिया पंचायत के पूर्व मुखिया मुंशी किस्कु को इलाज के लिए दुमका ले जाने के क्रम में लिट्टीपाड़ा में मौत हो गई। वहीं पर जिन्होंने इसकी सूचना परिवार एवं ग्रामीणों को दी। वही बरमसिया रघुनाथपुर की ग्रामीण मौत की खबर सुनते ही आक्रोशित हो कर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं पूर्व मुखिया मुंशी किस्कू के शव, बास बिल्ला लगाकर सड़क जाम कर दिया। इधर बरहेट थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत जारी था।

विधायक ने झारखंड आंदोलनकारियों के बीच किया प्रमाण पत्र का वितरण

ईचागढ़ : झारखंड आंदोलनकारी आयोग द्वारा चिन्हित ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के झारखंड आंदोलनकारियों के बीच चांडिल व ईचागढ़ प्रखंड सभागार में बुधवार को विधायक सविता महतो ने प्रमाण पत्र का वितरण किया। गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर आंदोलनकारीयों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ईचागढ़ प्रखंड सभागार में आयोग द्वारा चिन्हित कुल 70 आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया, वहीं कुकडु प्रखंड के 134 आंदोलनकारियों व चांडिल मे 76 आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य हुए इतने दिनों के बाद हेमंत सोरेन की सरकार ने अलग राज्य के लिए आंदोलन कर चुके आंदोलनकारियों को चिन्हित कर प्रमाण पत्र देने का काम किया। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन कि सरकार प्रमाण पत्र देकर सम्मान दिया है और आंदोलनकारियों को पैंशन आदि देने के लिए भी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का नाम किसी कारण से छुट गया है, वैसे छुटे हुए आंदोलनकारियों का नाम जोड़ने के लिए आयोग के चैयरमेन से बात किया जाएगा।

झारखंड आंदोलनकारियों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

कुकडू : बुधवार को कुकडू प्रखंड कार्यालय सभागार में झारखंड आंदोलनकरियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में कुकडू के सीओ सह बीडीओ सत्येंद्र नारायण पासवान, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि के तौर पर सचिदानंद महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे। कुकडू प्रखंड के कुल 134 लोगों को झारखंड आंदोलनकारी होने का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। हालांकि दस लोगों का प्रमाण पत्र जिला से नहीं आया था। जिसके कारण उन्हें बाद में प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी रामरतन महतो,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो आदि मौजूद थे।

एक नजर

महात्मा गांधी की जयंती पर हुआ ग्राम सभा का आयोजन

मेदिनीनगर (पलामू) : महात्मा गांधी जयंती के मौके पर लगभग सभी पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिस क्षेत्र में नागरिक सहायता केंद्र के साथी सक्रिय सक्रिय हैं उन पंचायतों की ग्राम सभा में ग्रामीणों की भागीदारी काफी दिखी। इस तरह पड़वा, लोहड़ा, कंडा, तुकवेरा, पचकेडिया, सगुना, बसरिया कला, अवसाने, चोरहट पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा प्रारंभ करने से पहले महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया गया। इसके बाद महात्मा गांधी के जीवन पर चर्चा करते हुए उनके विचारों को प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने हिंद स्वराज पुस्तक लिखकर ग्राम सभा के महत्व को बताया है। एक मजबूत ग्राम सभा ही गांव को खुशहाल बना सकता है। एनएसके कार्यकताओं ने मनरेगा के बारे में विस्तार से चर्चा किया ।महात्मा गांधी की जयंती पर पंचायत में आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं को सफल बनाने के लिए एनएसके साथी प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, मीना देवी, प्रियंका कुमारी, जैदा खातून, रामवती देवी, कैथरीना टोपनो, पूनम देवी, बिंदु देवी, सहित अन्य लोग सक्रिय थे।

युवा कांग्रेस ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनायी जयंती

मेदिनीनगर (पलामू) : बुधवार को युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई पलामू के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माला पहनकर मनाई गई। इस अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण के मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी, युवा कांग्रेस पलामू जिलाध्यक्ष मुन्ना खान, युवा कांग्रेस डाल्टनगंज विधानसभा कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना कुमार यादव, उपाध्यक्ष विकास सोनी, मेदिनीनगर प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, एनएसयूआई के ओमप्रकाश त्रिपाठी, आशीष ठाकुर इत्यादि मौजूद थे मुख्य रूप से उपस्थित युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मीना गुप्ता ने किया क्षेत्र का दौरा, सुनी लोगों की समस्याएं

मेदिनीनगर (पलामू) : चैनपुर की पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री मीना गुप्ता डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निमिया, सेमरा, नावाडीह आदि गांवों का सघन दौरा कर क्षेत्र की समस्या से अवगत हुई यहां लोग शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क की समस्या को प्रमुखता से बताया उन्होंने बताया कि जहां भारत देश में गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछा है वहीं हमारे क्षेत्र के मुख्य सड़क जो शाहपुर विवेकानंद चौक से लेकर लोहरसीमी चौक तक का मार्ग बद से बद्तर अवस्था में है यहां के लोगों को शहर जाने का यह मुख्य रास्ता है। वर्तमान भ्रष्ट सरकार के कान में जूँ तक नहीं चल रहा है। सड़क नदी का रूप ले लिया है लोग रास्ता बदलकर आना-जाना कर रहे हैं ऐसी स्थिति तो शायद 50 वर्ष पहले भी कभी नहीं थी आज हम विकसित भारत में रहते हुए ऐसी दयनीय अवस्था में जी रहे हैं वर्तमान भ्रष्ट व निकम्मी सरकार को शर्म आना चाहिए। क्या यही विकास का पैमाना है जहां लोगों को चलने के लिए रास्ता भी मुहैया सरकार नहीं करा सकती है लोग परेशान है ।

युद्ध, नफरत और हिंसा के माहौल में महात्मा गांधी उम्मीद का रास्ता हैं : शैलेंद्र कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू): इप्टा, मिशन समृद्धि, अंशु आर्ट, रंग संग एकेडमी, कशिश आर्ट, प्रगतिशील लेखक संघ ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर गांधी स्मृति टाउन हॉल में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इप्टा के द्वारा भजन एवं गीतों की प्रस्तुति के साथ बच्चों बच्चों ने चित्रों के द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मिशन समृद्धि के शीला श्रीवास्तव, अंशु आर्ट के आशा शर्मा, रंग संग आर्ट एकेडमी के संजीत प्रजापति, इप्टा के गोविंद प्रसाद एवं सतीश कुमार जोरिहार संयुक्त रूप से महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद इप्टा के कलाकारों ने महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम प्रस्तुत किया। इसके बाद देश के नाम शत बार नमन शत बार नमन है मातृभूमि शत बार प्रस्तुत किया गया। गीतों की प्रस्तुति के बाद इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी आज भी प्रासंगिक है। युद्ध, नफरत और हिंसा युद्ध भरी दुनिया में गांधी उम्मीद के रास्ते का नाम है। दुनिया में महात्मा गांधी एक उम्मीद का नाम है। आज फिलिस्तीन और इजरायल के युद्ध में लाखों फिलिस्तीन मारे गए। ऐसे में महात्मा गांधी न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश एवं रवि शंकर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर चित्रांकन कार्यक्रम में ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, लोटस अकैडमी, अंशु आर्ट, रंग संग आर्ट एकेडमी के कुल 60 बच्चों ने भाग लिया। मौके पर ए पी आर ओ विजय कुमार ठाकुर , प्रकाश भूषण सिन्हा, उपेंद्र कुमार मिश्रा, सुधीर कुमार, अमन चक्र, सुमन सिंह, रेनू गुप्ता, धीरेंद्र कुमार, प्रेम कुमार, संजीव कुमार संजू, संजीत दुबे, समरेश सिंह, घनश्याम कुमार, अजीत कुमार, नसीम, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक राहुल कुमार एवं संजीत सर, लोटस अकैडमी के शिक्षक शशिकांत दुबे एवं आलोक कुमार ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे : नितिन पांडे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : समाजसेवी एवं अधिवक्ता नितिन कुमार पांडे द्वारा अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच करने एवं उसके निदान के लिए उपरोक्त अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने की योजना है। पांडे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ दिनों से मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर एवं अन्य बहुत सारे स्वास्थ्य केंद्रो से लगातार शिकायत आ रही है कि मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिचौलिए पूरी तरह से सक्रिय हैं साफ-सफाई का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है साथ ही साथ सही समय पर जननी सुरक्षा का भुगतान नहीं हो पा रहा है सहीया बहनों का भी भुगतान तीन-तीन महीना का रोका गया है साथ ही साथ दवा खरीदने में भी भारी अनियमितता की शिकायत प्राप्त हो रही है स्वास्थ्य कर्मी मनमाने तरीके से कार्यालय आते हैं और असमय ही निकल भी जाते हैं। इन्हीं शिकायतों के आलोक में अन्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करेंगे एवं अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही हेतु सक्षम पदाधिकारी को ताकीद करेगी।

प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन की हुई बैठक चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : मेदिनीनगर शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के सदस्यों ने बुधवार को एक आपात बैठक बुलाई। ये बैठक आशी केयर हॉस्पिटल में हुई, जहां अध्यक्ष मनीष तिवारी के घर में हुई चोरी की घटना पर गहरी चिंता जताई गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शहर में चोरी की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाना अत्यावश्यक है। एसोसिएशन के सदस्यों ने इस मामले में ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शब्बीर अहमद से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उप विकास आयुक्त को शहर में हो रही चोरी की घटनाओं की जानकारी दी, जिस पर डीडीसी ने उन्हें सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही एसडीपीओ से बात की और मामले की जांच के निर्देश दिए। हालांकि, गांधी जयंती के अवसर पर उपायुक्त और पलामू एसपी से मुलाकात संभव नहीं हो सकी, लेकिन एसोसिएशन के सदस्यों ने आने वाले दिनों में जिले के कप्तान से मिलने का संकल्प लिया। यदि प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन ने 10 दिनों के भीतर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। बैठक में आशी केयर हॉस्पिटल के मनीष तिवारी, विंध्याचल हॉस्पिटल के मनीष सिंह, आनंद नर्सिंग होम के आनंद सिंह, सोना नर्सिंग होम के अरुण सिंह, मंगलम हॉस्पिटल से मोहम्मद मंसूर, मां गुलाबी सेवा सदन से सुरेश मेहता, रजा हॉस्पिटल से इस्लाम रजा, क्योर एंड केयर हॉस्पिटल से मोहम्मद इस्लाम, मातृछाया अस्पताल से चंद्रकांत, मईयां बाबू अस्पताल से डॉक्टर संतोष मेहता, लॉन्ग लाइफ केयर हॉस्पिटल से डॉक्टर ए अंसारी, अंशु हॉस्पिटल से सुनील कुमार सहित जिले के अन्य प्रमुख निजी अस्पतालों के संचालक उपस्थित रहे।

भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही हेमंत सरकार : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सरकार पिछले पांच वर्षों से जनाकांक्षाओं के विपरीत भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार का उद्देश्य जनता की आवश्यकताओं को समझते हुए उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना होता है लेकिन यह सरकार अपने ही लोगों को ठगने में लगी है। झूठ की बुनियाद पर खड़ी सरकार से जनता परेशान है और बदलाव चाहती है। सुदेश महतो ने गोमिया विधानसभा में बुधवार को आयोजित झारखंड नवनिर्माण यात्रा के दौरान बोल रहे थे। यात्रा गोमिया हाई स्कूल से 1-बी मार्केट से स्वांग डीएवी स्कूल तक निकाली गई। आजसू पार्टी द्वारा इस यात्रा का आयोजन आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के झूठ, वादाखिलाफी और चरित्र का वास्तविक चेहरा बेनकाब हो चुका है। जनता अब इनके झूठे वादों के भ्रमजाल में फंसने वाली नहीं है। इनके कार्यकाल में अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। महतो ने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी का लक्ष्य है। समाज के हर वर्ग के साथ और विश्वास से हम शहीदों के सपनों का झारखंड बनाएंगे। बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रहे राज्य के युवाओं को अपनी माटी में ही रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता। पार्टी अध्यक्ष ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के इसरी बाजार और गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेटरवार में अपना आजसू 247 सेवा केंद्र की शुरूआत की। महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के जनसेवा के आचरण को बदल दिया है। कार्यालयों में बिचौलिये हावी हैं, जिससे आम जनता त्रस्त है। आज उनकी समस्याओं को समझने और सुलझाने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र की जनता की हर समस्या का समाधान करने के प्रयास का नाम है अपना आजसू 247 सेवा केंद्र। यह सेवा केंद्र लोगों की सेवा के लिए 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध होगा। केंद्र के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके साथ ही भौतिक रूप में केंद्र में पहुँचकर भी लोग अपनी समस्याओं को यहां रजिस्टर करवा सकते हैं। यह समस्याएं निजी और सामाजिक दोनों तरह की हो सकती हैं।

पलामू में 31 पंचायत सचिवों को फटकार, पांच दिनों का रोका गया वेतन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत एवं प्रथम किस्त के विरुद्ध प्लिंथ लेवल आवास निर्माण में न्यूनतम प्रगति वाली 111 पंचायत के पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्लिंथ लेवल का जियो टैग नहीं करने के कारण संबंधित पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई गई तथा पिछले पांच दिनों में जियो टैग में शून्य प्रगति वाले 31 पंचायत के पंचायत सचिव का पांच दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिए दिया गया। सभी पंचायत सचिव को अगले एक सप्ताह में शत प्रतिशत प्लिंथ लेवल आवास निर्माण एवं जियो टैग करने का निर्देश दिया गया। एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी। मौके पर आवास के विभिन्न ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, जिला समन्वयक एवम प्रशिक्षण समन्वयक उपस्थित थे।

गांधी जयंती के अवसर पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

छतरपुर (पलामू) : छतरपुर नगर पंचायत स्थित अन्नपूर्णा रेजीडेंसी में बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन मनाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के छतरपुर इकाई ने छतरपुर मे प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र राम के अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मोत्सव सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रखंड सचिव सन्नी कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर विधानसभा की जनता राजनीतिक गुलामी में जकडे हुए है। बाहरी लोगों ने छतरपुर को सिर्फ लूटने का काम किया है। जिस प्रकार महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को भगाने के लिए आंदोलन किया था उसी प्रकार हम लोगों को भी ऐसे लुटेरे प्रतिनिधियों को छतरपुर से भगाने के लिए प्रण लेना होगा। जब तक ऐसे लोगों को छतरपुर से भगा नही लेते तब तक चैन से नहीं बैठना होगा। हमें अपने आने वाले पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बाहरी नेताओं को भगाना होगा और छतरपुर का प्रतिनिधित्व स्थानीय लोगों के हाथों में देना होगा। झारखंड सरकार के उपलब्धियां को गिनवाते हुए चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का चहुंमुखी विकास हो रहा है। समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए योजनाएं दी जा रही है। युवाओं के रोजगार के लिए रोजगार सृजन योजना के तहत 5 लाख तक सब्सिडी देते हुए रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मंईयां सम्मान योजना के तहत सीधा आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस सरकार में लंबित सभी बिजली बिलों को माफ करते हुए उनके सम्मान को बचाने का काम किया। जिला सचिव सन्नू सिद्दकी ने कहा कि छतरपुर में पार्टी का जनाधार बढ़ा है,लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार जनहित का कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं अपना फर्ज निभाते हुए सरकार के कार्यों को घर-घर पहूचाना होगा। प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा जो भी योजना दी जा रही है बहुत ही जनोपयोगी है। लोग अपने घरों में ही बकरी पालन मुर्गी पालन जैसे रोजगार कर स्वावलंबन की ओर बढ़ रहे हैं। व्यवसायियों के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और हर सुविधा देने के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं ने कहा कि क्षेत्र से महागठबंधन के द्वारा समर्थित राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार को बार बार हार का सामना करना पड़ रहा है। सर्वसहमति से केंद्रीय नेतृत्व से छतरपुर विधानसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा को लड़ने एवं स्थानीय उम्मीदवार के रूप में रविंद्र राम को उम्मीदवार बनाने की मांग की गई हैं। और बहुत जल्द पंचायत एवं प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता द्वारा अपनी मांग लेकर केंद्रीय नेताओं से मिलकर बात रखने को कही गई। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह,सुरेंद्र सिंह, उषा कुमारी, सहाबुद्दीन अंसारी, मुन्नी उरांव, शिवनाथ सुरीला, मदन यादव,उदय पासवान, रंजीत कुमार, संजीत उरांव, बिनय राम, जगनारायण सिंह, उदय शंकर प्रसाद, मानकी यादव काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

आंदोलनकारियों के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करनेवाले मुख्यमंत्री पुरी करें मांग : सतीश

मेदिनीनगर (पलामू) : राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल के मांग पर अपनी ओर से प्रतिबद्धता जाहिर की और अपने को गौरव पुत्र से गौरवान्वित भी हुए। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने पुर्व चुनावी घोषणा पत्र में आन्दोलनकारियो के सवाल को प्रमुखता से उठाया था। सरकार अपनी कार्यकाल पुरा कर केवल आन्दोलनकारियो को झुठलाने का काम किया, कभी भी आन्दोलनकारीयो के समस्या को कैबिनेट में चर्चा करना भी मुनासिब नही समझा। अब अचार संहिता लगने वाला है इस बिच सरकार ने 8 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक रखी है। अब देखना है कि कैबिनेट में आन्दोलनकारियो को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी आन्दोलनकारीयो को सम्मान पेंशन दिया जाएगा? आन्दोलनकारी के आश्रितों को शिक्षा चिकित्सा व रोजगार की गारंटी मिलता है या नहीं। झारखण्ड में आन्दोलनकारी भवन निर्माण का प्रस्ताव पारित होगा या नहीं। सरकार के आखरी कैबिनेट पर लाखों आन्दोलनकारीयो का निगाह हैं। अगर प्रस्ताव सरकार पारित नही करा पाती तो बिधान सभा चुनाव में आन्दोलनकारियो का कोपभाजन बननें पडेंगे। अगामी चुनाव में सरकार बनाने का सपना चुरा होगा।

अधिवक्ता पर जानलेवा हमला निंदनीय अधिवक्ता प्रोटेक्शन को लागू करे सरकार

मेदिनीनगर (पलामू) : झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता बबन प्रसाद पर बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने गोली चलाई, जिसमें उनकी पीठ में गोली लगी है। घायल अधिवक्ता रिम्स में गंभीर अवस्था में हैं। इस घटना निंदा करते हुए पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने की है। कहाकी गोली लगने से घायल हुए बबन प्रसाद पलामू में भी वकालत की बाद में वे रांची चले गए। अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने अधिवक्ता बबन प्रसाद पर जानलेवा हमले को लेकर कहा है की यह घटना काफी दुखद है। अधिवक्ता नागरिकों की परेशानी से निजात दिलाने के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं। समाज में अधिवक्ता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और इस तरह की घटना घटित होना काफी दुखद है। राज्य सरकार को अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को अमलीजामा पहना देना चाहिए ताकि आगे किसी और अधिवक्ता के साथ ऐसी घटना न घटित हो सके।

पलामू में गांधी जयंती पर समारोह का हुआ आयोजन

मेदिनीनगर (पलामू) : ग्राम कंडा के गाँधी आश्रम में विकास सहयोग केंद्र संस्था एवं कंडा ग्राम सभा के लोगों ने गाँधी जयंती समारोह का आयोजन किया। समारोह के शुरू में रैली निकला गया और उसके बाद गाँधी आश्रम में स्थापित गाँधी जी के प्रतिमा पर कंडा के मुखिया नरेन्द्र सिंह, स्वतंत्र सेनानी के परिवार रमेश विश्वकर्मा, गिरजा विश्वकर्मा विकास सहयोग केंद्र संस्था के अध्यक्ष जवाहर मेहता द्वारा माल्यार्पण किया गया उसके बाद वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दिया एवं भजन, गीत एवं भाषण कार्यक्रम किया गया। सभा को संबोधित करते हुए कंडा के मुखिया ने कहा गाँधी के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलाना चाहिए एवं गांव को स्वच्छ बनाये रखना चाहिए। संस्था के जवाहर मेहता ने कहा कि आज दुनिया में युद्ध चल रहा है और अशांति उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में गाँधी सत्य एवं अहिंसा का सिद्धांत और ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। गाँधी जी के दक्षिण अफ्रीका एवं चम्पारण में सत्य एवं अहिंसा के प्रयोग के बारे में जानकारी दिया। अनिल पासवान ने कहा कि गाँधी जी स्वराज की बात करते थे उसका मतलब है कि हमारे गांव में हमारा राज्य परन्तु गांव के लोग ऐसा नहीं कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के साथ मिलकर काम दिलाने का काम कराया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन मुनेश्वर सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर अवध सिंह, पूनम देवी, दीपिका ठाकुर, निकी कुमारी, देवलाल भगत, योगेन्द्र विश्वकर्मा, शिल्पा कश्यप, पंचम कुमार, ईशा बनर्जी, विदांत बंसल, संदीप कुमार, अद्रिता चक्रवर्ती, किरण देवी सहित 200 लोग शामिल थे।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सभा का हुआ आयोजन

अनगड़ा : नामकोम में इलेक्ट्रिक इक्वीपमेंट वर्कर्स यूनियन, टाटीसिलवे, रांची के कार्यालय प्रांगण में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यूनियन के अध्यक्ष माननीय विधायक श्री राजेश कच्छप ने प्रांगण में राष्ट्रीय झण्डा फहराया और महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। सभा में उपस्थित अन्य लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। माननीय विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में महात्मा गांधी के विचार सत्य, अहिंसा और स्वच्छता और भी समीचीन हैं। महात्मा गांधी जैसा विभूति अब तक विश्व में दूसरा नहीं हुआ है। देश की स्वतंत्रता के लिए देश उनका ऋणी है। उनके विचारों को अपने जीवन में लाल बहादुर शास्त्री ने उतारा था। प्रधान मंत्री के पद पर रहते हुए भी उनका जीवन सादगी पूर्ण था। मात्र दो जोड़ी कपड़ों में उन्होंने अपना जीवन निर्वाह किया। उनके द्वारा दिया गया नारा जय जवान - जय किसान आज भी अनुकरणीय है। राजेंद्र मुण्डा, एतवा ओराओं, अर्चना मिश्रा, सरिता देवी, अजय करमाली और मधुसूदन पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सचिन नायक, जॉन तिग्गा, विकास मिश्रा, प्रकाश साहू, संजय प्रसाद एवं अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभा लॉ संचालन यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा ने किया।

देश की आजादी के बाद भी गढ़ाटोली के लोग सरकारी लाभ से हैं वंचित

अंनगड़ा : आजसू पार्टी का सिलवे पंचायत में ग्राम प्रभारी आशा टोप्पो की अध्यक्षता में बैठक रखा गया बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा देश की आजादी के बाद भी सिलवे पंचायत के गढ़वाटोली गांव में एक भी विकास की योजनाएं जैसे सड़क, पुल, पुलिया,नाली,गली जैसी समसास्यों से वंचित हैं यहां के लोगों को बाजार अस्पताल में आने जाने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जो झारखंड राज्य की खिजरी विधानसभा के लिए दुर्भाग्य की बात है पारसनाथ उरांव ने कहा अगर आजसू पार्टी को मौका मिला तो विकास की लहर दौड़ेगी। इस मौके पर आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष सह उपप्रमुख वीणा कुमारी एवं चूल्हा प्रमुख मंगल तिर्की,राजू तिर्की,आइती देवी, सुनीता देवी, आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

प्रियदर्शन ने 14 साल बाद अक्षय के साथ सहयोग को बताया चैलेंजिग

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में 14 साल बाद निर्देशक प्रियदर्शन के साथ अपने पुनर्मिलन की घोषणा की। अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी ने हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला के लिए टीम बनाई है। उनके सहयोग ने सिनेप्रेमियों को काफी उत्साहित कर दिया है और वे इसका इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय के साथ हेरा फेरी, भूल भुलैया, भागम भाग, दे दना दन और गरम मसाला जैसी फिल्मों में काम कर चुके प्रियदर्शन ने कहा कि वे 14 साल बाद एक साथ आए हैं और अपनी तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं, लेकिन दर्शकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। आईफा अवार्ड्स 2024 के ग्रीन कार्पेट पर अपनी हालिया उपस्थिति के दौरान, प्रियदर्शन ने 14 साल बाद अक्षय के साथ फिर से जुड़ने के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह दर्शकों की उम्मीदों को प्रबंधित नहीं कर सकते। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने उनके साथ जो भी फिल्म बनाई वह सुपरहिट रही है। लोग कहते हैं कि अक्षय कॉमेडी करते हैं इसका कारण आप हैं, लेकिन मैं उन सब चीजों पर विश्वास नहीं करता। प्रियदर्शन ने आगे कहा, मैंने जो किया वह (स्क्रीन पर) उनकी हास्य की भावना का फायदा उठाना था। हम 14 साल बाद काम कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि चीजें काम करेंगी। यह एक चुनौती है। हम दर्शकों की अपेक्षाओं से मेल नहीं खा सकते लेकिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।

अक्षय किस तरह के अभिनेता हैं, इस बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि अमिताभ बच्चन के बाद अक्षय ऐसे अभिनेता हैं जो समर्पित हैं और समय पर काम करते हैं। प्रियदर्शन ने भूल भुलैया के पहले भाग का निर्देशन किया था जिसमें अक्षय कुमार और विद्या बालन ने अभिनय किया था। भूल भुलैया 3 की आगामी रिलीज पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रियदर्शन ने कहा कि अनीस बज्मी ने भूल भुलैया के दूसरे भाग के साथ अच्छा काम किया था और उन्हें लगता है कि वह तीसरे भाग के साथ भी ऐसा ही करेंगे। प्रियदर्शन भूल भुलैया के सीक्वल भागों का निर्देशन करने के लिए वापस नहीं लौटे क्योंकि फिल्म निर्माता अपनी फिल्मों के सीक्वल का निर्देशन करने में विश्वास नहीं करते हैं।

नेपोटिज्म के चलते कई फिल्मों से हाथ धो बैठे ये सितारे

बॉलीवुड इंडस्ट्री में तमाम कलाकारों ने नेपोटिज्म का सामना किया है। दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद इस विषय पर हर उस कलाकार ने बात की थी, जो इसका शिकार हुए हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई खानदान वर्षों से राज करते हुए आए हैं। ऐसे में इंडस्ट्री के बाहर के सितारों को अपनी जगह बनाने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

रकुल प्रीत सिंह

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह का। रकुल ने हाल ही में नेपोटिज्म के बारे में बात की। रकुल ने यह खुलासा किया कि स्टारकिड्स के चलते उनके हाथों से भी कई फिल्में छीन ली गई हैं। हालांकि, रकुल इस बात से उदास नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि भले ही फिल्में नहीं मिलीं, लेकिन इससे उनके मन में कड़वाहट पैदा नहीं होती, बल्कि वह सोचती हैं कि ये फिल्में उनके लिए नहीं थीं।

प्रियंका चोपड़ा

इस लिस्ट में अगला नाम आता है प्रियंका चोपड़ा का। बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुकी अभिनेत्री नेपोटिज्म और इंडस्ट्री में हो रही गंदी राजनीति पर खुलकर बात कर चुकी हैं। अभिनेत्री के लिए हॉलीवुड का रुख करने का कारण नेपोटिज्म भी था। दरअसल, बॉलीवुड में उन्हें नेपोटिज्म का शिकार होना पड़ा था। उन्होंने बताया कि किस तरह से बॉलीवुड में उन्हें अलग थलग कर दिया था। उन्हें निर्देशक और निर्माताओं ने फिल्मों में काम देना बंद कर दिया था, जिसके चलते वह काफी परेशान हो गई थीं।

तापसी पन्नू

इस लिस्ट में अगला नाम आता है अभिनेत्री तापसी पन्नू का। साउथ इंडस्ट्री में अभिनय का दम दिखाने के बाद तापसी आज बॉलीवुड में भी राज कर रही हैं। हालांकि, उन्हें भी अपने करियर के दौरान नेपोटिज्म का शिकार होना पड़ा है। एक इंटरव्यू के दौरान तापसी ने बताया था कि उन्हें रातों-रात एक फिल्म से बाहर कर दिया गया था। इस फिल्म में बाद में एक स्टार किड को कास्ट किया गया था।

कृति सेनन

बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री कृति सेनन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। कृति अब बॉलीवुड में अपने कदम जमा चुकी हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने हाल ही में अपना प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स भी लॉन्च किया है। कृति ने बॉलीवुड में फिल्म हीरोपंती से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने इंडस्ट्री में तमाम फिल्मों में काम किया है।

सुशांत सिंह राजपूत

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत एक बेहतरीन अभिनेता थे। उन्होंने अपने अभिनय के दम पर इंडस्ट्री में जगह बनाई थी। हालांकि, इस दौरान उन्होंने नेपोटिज्म का कई बार सामना किया था। कई बार सीधे तौर पर अभिनेता ने इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें नेपोटिज्म का सामना करना पड़ा है। कई बार उनके हाथ से अच्छी फिल्में निकल गई हैं। उनकी मौत के बाद इंडस्ट्री में नेपोटिज्म के मुद्दे ने तूल पकड़ लिया था, जिसके बाद तमाम सेलेब्स ने इंडस्ट्री में हो रहे भेदभाव का खुलासा किया था।

राजकुमार राव

राजकुमार राव आज बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता माने जाते हैं। उन्होंने अपनी नेचुरल एक्टिंग से करोड़ों दर्शकों का दिल जीता। हालांकि, करियर के शुरुआत में उन्हें अपनी पहचान और नाम बनाने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस दौरान वह कई बार नेपोटिज्म का भी शिकार हुए और कई फिल्मों से बाहर निकाले गए।

आईफा उत्सवम में अवार्ड पाने वाली मृणाल ठाकुर ने कहा, यह मेरी पूरी टीम की जीत है

हाय नन्ना, लस्ट स्टोरीज 2, सीता रामम और कई अन्य फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अभिनेत्री ने हिट फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए आईफा में ट्रॉफी जीती है। मृणाल ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है।

उन्होंने आगे कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मृणाल के दिल को छू लेने वाले अभिनय ने उनके प्रशंसकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। जटिल किरदारों में अच्छे से फिट होने की उनकी क्षमता ने उन्हें इंडस्ट्री की खास अभिनेत्रियों में से एक बना दिया है। मृणाल की आने वाली फिल्मों पर एक नजर डाले तो वह बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन के साथ अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। उनके पास 'पूजा मेरी जान' और वरुण धवन के साथ डेविड धवन की एक कॉमेडी फिल्म भी पाइपलाइन में है।

आयरनमैन ट्रायथलॉन से लौट कर सैयामी ने हैदराबाद में शुरू की फिल्म की शूटिंग

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर ने सनी देओल के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वह हाल ही में आयरनमैन ट्रायथलॉन में भाग लेकर जर्मनी से लौटी हैं। इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हो पाया है। फिल्म में वह सनी देओल के साथ नजर आएंगी। सैयामी खेल के प्रति अपने जुनून और अपने काम के बीच संतुलन बना रही हैं। काम पर वापसी के बारे में बात करते हुए सैयामी ने कहा, आयरन मैन 70.3 को पूरा करना मेरा लंबे समय से सपना रहा है। उन्होंने अपने पोस्ट में बताया, इस रेस में भाग लेकर अब मैं तरोताजा महसूस कर रही हूं और अब मैं उसी ऊर्जा को सेट पर वापस ला रही हूं। सनी सर के साथ काम करना विशेष अनुभव प्राप्त करने जैसा है। मैं हैदराबाद में टीम के साथ इस यात्रा को जारी रखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। सैयामी को हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर स्ट्रीमिंग हुई मूवी 'शर्माजी की बेटी' में देखा गया था। इस फिल्म में वह साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता, परवीन डबास और शारिब हाशमी के साथ नजर आई थीं। यह फिल्म 28 जून, 2024 को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी।

मैंने उनके लेवल को भी नहीं छुआ है, आलिया से तुलना किए जाने पर बोलीं अनन्या

अनन्या पांडे अपनी नई फिल्म कंट्रोल को लेकर चर्चा में चल रही हैं। अभिनेत्री जोरो-शोरों से इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। अनन्या की यह फिल्म एआई पर बनी है, अब हाल ही में अनन्या से आलिया को लेकर एक सवाल पूछा गया, जिसके जवाब को लेकर उनकी खूब सहाना हो रही है। फिल्मीज्ञान के साथ एक साक्षात्कार में अनन्या ने पूछा गया कि लोग उनकी आलिया के साथ तुलना करते हैं, इस पर वह क्या सोचती हैं। इसके जवाब में अनन्या ने कहा कि यह एक बड़ा कॉम्प्लीमेंट है, लेकिन मुझे नहीं लगता है कि मैंने आज तक वह लेवल भी छुआ है, जो आलिया ने आज तक किया है। अनन्या के इस जवाब की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं।



शक्तिमान की कास्टिंग के लिए तीन घंटे तक मुकेश खन्ना को मनाते रहे रणवीर सिंह

अभिनेता मुकेश खन्ना अपने बेबाक बयानों को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। अभिनेता शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं करते हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि फिल्म में शक्तिमान का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, लेकिन मुकेश खन्ना रणवीर को इस किरदार में कास्ट करने को लेकर भड़क गए थे और इस खबर का पूरी तरह से खंडन भी कर दिया था। अब अभिनेता ने बताया है कि रणवीर सिंह ने उन्हें शक्तिमान की कास्टिंग स्वीकार करने के लिए तीन घंटे तक मनाया था। हालांकि, इसके बाद भी वह नहीं माने थे।

शक्तिमान का रोल करना चाहते थे रणवीर सिंह

रणवीर सिंह को शक्तिमान के रूप में कास्ट किए जाने पर सोशल मीडिया पर अपनी असहमति जताने के बाद मुकेश खन्ना ने अब बताया है कि रणवीर ने उन्हें कास्टिंग स्वीकार करने के लिए मनाने के लिए पर्सनली उनसे मुलाकात की थी। हालांकि, मुकेश ने रणवीर को साफ बता दिया था कि शक्तिमान के किरदार के लिए अभिनेता में जो क्वालिटी होनी चाहिए, वह रणवीर सिंह में नहीं थी। अब हाल ही में बॉलीवुड ठिकाना से बात करते हुए मुकेश ने कहा, अब लोगों को पता चल गया है कि रणवीर सिंह मुझे शक्तिमान की भूमिका निभाने के लिए मनाने आए थे। मैं इसे छिपा भी नहीं सकता क्योंकि बाद में लोगों ने कहा कि मैंने रणवीर की तारीफ की और उन्हें एक बेहतरीन अभिनेता कहा। रणवीर के शक्तिमान की भूमिका निभाने की पुष्टि होने की खबरें आने लगीं, लेकिन मैंने इसके लिए हामी नहीं भरी थी।

मुकेश खन्ना ने नहीं दी मंजूरी

अभिनेता ने आगे कहा, मेरा सोनी के साथ भी टकराव है और मैंने एक वीडियो डालकर बताया था कि मैंने रणवीर को भूमिका निभाने की मंजूरी नहीं दी है और इसका कारण यह है कि...रणवीर उस दिन मेरे सामने तीन घंटे तक बैठा रहा, लेकिन आखिरकार मुझे उन्हें बताना पड़ा कि उसके चेहरे पर जो दिखना चाहिए था, वह नहीं था। वह चंचल लग रहा है, जैसे कोई दूसरों को धोखा दे सकता है। लेकिन वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं। जब मैंने उनकी तारीफ की तो मैंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में उसके जैसी एनर्जी किसी और में नहीं है, लेकिन मैंने उन्हें इस भूमिका के लिए मंजूरी नहीं दी। उन्हें बुरा लगा होगा। हालांकि, इंडस्ट्री में यह निर्माता ही होता है जो अभिनेता को कास्ट करता है, न कि कोई और। वह फोटोशूट एक बहुत बड़ी वजह थी, जिसकी वजह से मैं खफा था। जब मैंने वह फोटोशूट देखा, तो मैंने कहा, क्या कर रहा है यार।

जब तक निकाह नहीं होगा, अपना रिलेशनशिप पब्लिक नहीं करेंगी सना

सना सुल्तान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद से सना काफी लाइमलाइट में रहती हैं। अब हाल ही में एक साक्षात्कार में सना से उनकी लव लाइफ के बारे में पूछा गया। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि शादी से पहले वह अपने रिलेशनशिप का खुलासा नहीं करेंगी। अभिनेत्री ने आगे हिंट देते हुए कहा कि वह किसी के साथ रिश्ते में तो हैं, लेकिन वह इस इंडस्ट्री से नहीं है। इसके साथ ही सना ने बताया कि आज कल रिश्ते ज्यादा इसलिए टूटते हैं क्योंकि जो चीज लोगों को बाद में करनी वह पहले ही कर लेते हैं।

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे बुमराह

-यशस्वी बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान जबकि विराट छठे स्थान पर पहुंचे

दुबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गये हैं। बुमराह को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है। आईसीसी के अनुसार दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद बुमराह पहले नंबर पर चल रहे आर अश्विन से एक अंक आगे निकलकर नंबर एक स्थान पर पहुंच गये। वहीं इस सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अश्विन ने दूसरे टेस्ट में 5 विकेट लिए और वह बुमराह की 870 अंकों की रेटिंग से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि बांग्लादेश को मेहदी हसन अपनी अच्छी गेंदबाजी से चार स्थान ऊपर आकर 18वें स्थान पर और अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन पांच स्थान के लाभ के साथ ही 28वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 18 विकेट लेकर एक पायदान ऊपर आकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पहले और दूसरे नंबर पर हैं, वहीं भारत के ही विराट कोहली की भी शीर्ष दस में वापसी हुई है। विराट छह स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गये हैं।

बांग्लादेश पर जीत की बदौलत भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर और आगे बढ़ गया है और लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाने की स्थिति में है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित टेस्ट के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपडेट की गई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की। ??उन्होंने इस मुकाबले में 72 और 51 रन बनाए। इसका मतलब यह है कि टेस्ट बल्लेबाजों की अपडेट की गई रैंकिंग में

श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कामिंदू मेंडिस पांच स्थान के सुधार के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं श्रीलंका के ही दिनेश चांदीमल छह स्थान के लाभ के साथ 20वें स्थान पर और एंजेलो मैथ्यूज चार स्थान के सुधार के साथ 23वें स्थान पर हैं। वहीं सीमित ओवरों में

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद एक स्थान के फायदे से वनडे बल्लेबाजों की सूची में 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जोड़ीदार हैरी ब्रूक 73 स्थान ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर और बेन डकेट 30 स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान परपहुंच गए हैं।

भारत में पहली बार होगा खो-खो विश्व कप, 24 देश लेंगे हिस्सा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जायेगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी। खो-खो की जड़ें भारत में हैं। आज, यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है।

विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200 एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है।' इस टूर्नामेंट में एक हफ्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे।

इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है, जो खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

टिम साउथी ने दिया इस्तीफा, भारत दौरे पर इसे मिली न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की कप्तानी

वेलिंगटन (एजेंसी)। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी ने न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है और विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम लाथम भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान टीम की कमान संभालेंगे। यह फैसला गॉल में श्रीलंका के खिलाफ कीवी टीम की 2-0 की हार के बाद आया है जिसमें से एक मैच में पारी और 154 रनों के बड़े अंतर से हार भी मिली।

आईसीसी के अनुसार साउथी न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के प्रभारी हैं। जब से केन विलियमसन ने 2022 के अंत में पद छोड़ा है, उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में से छह में जीत और दो ड्रॉ के साथ टीम की कप्तानी की है। 35 वर्षीय ने कहा कि पद छोड़ने का फैसला टीम के सर्वोत्तम हित में था और वह नए कप्तान के रूप में लाथम का समर्थन करेंगे।

आईसीसी के हवाले से साउथी ने कहा, 'मेरे लिए बहुत खास फॉर्मेट में ब्लैक कैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा टीम को प्राथमिकता देने की कोशिश की है और मेरा मानना है कि यह फैसला टीम के लिए सबसे अच्छा है। मेरा मानना है कि मैं टीम की बेहतर सेवा मैदान पर अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करके और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके, विकेट लेना जारी रखकर और न्यूजीलैंड को टेस्ट मैच जीतने में मदद करके कर सकता हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा की तरह अपने साथियों, खासकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाने वाले रोमांचक युवा गेंदबाजों का समर्थन करना जारी रखूंगा। मैं टॉम को इस भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं और वह जानता है कि मैं उसकी यात्रा में उसका साथ देने के लिए हमेशा मौजूद रहूंगा, जैसा कि उसने पिछले कई सालों में मेरे लिए किया है।'

पीएम नरेंद्र मोदी से मिले दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल ने जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बुधवार को इंस्टाग्राम पर गेल ने होलनेस की यात्रा के दौरान पीएम मोदी और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों से हाथ मिलाते और उनसे मुलाकात करते हुए वीडियो और तस्वीरें पोस्ट कीं।

गेल ने ट्वीट किया, 'भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। जमैका टू इंडिया वनलव।' जमैका के प्रधानमंत्री 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं। यह उनकी पहली भारत यात्रा है और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी है। जमैका के प्रधानमंत्री ने मंगलवार एक अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और द्विपक्षीय बैठक की। द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। भारत और जमैका के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं, जो उनके साझा औपनिवेशिक अतीत, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के मूल्यों और क्रिकेट के प्रति जुनून में परिलक्षित होते हैं। गेल जमैका और पूरे कैरिबियन से भारत में खेल के सबसे बड़े एम्बेस्डरों में से एक हैं। 1999-2021 के बीच 42 शतक और 105 अर्द्धशतक के साथ खेल में निरंतरता और बदलते समय के साथ अनुकूलन करने की क्षमता ने गेल को लोकप्रिय बनाया। अपने करियर के दूसरे भाग में गेल मुख्य रूप से अपने टी20 कारनामों के लिए प्रसिद्ध हो गए जिसमें उन्होंने 463 मैचों में 36.22 की औसत से 14,562 रन के साथ प्रारूप के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए, जिसमें 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्द्धशतक शामिल थे। उनके पास टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 175* भी है।

महिला टी20 विश्व कप : भारत ने गेंदबाजी के दम पर जीता वार्म अप मैच, द. अफ्रीका को हराया

खेल डैस्क । भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 की राह में दक्षिण अफ्रीका को वार्मअप मैच में हरा दिया है। दुबई की आईसीसी अकादमी ग्राऊंड में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने खराब शुरूआत के बावजूद ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा की उत्कृष्ट पारियों की बदौलत 7 विकेट खोकर 144 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने जैसे ही ओपनर्स को गंवाया, टीम रन रेट का पीछे करने से पिछड़ गई। अंत में एनेरी डर्कसन 21 रन बनाकर नाबाद रही लेकिन तब तक ओवर पूरी हो चुके थे। इस तरह दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। शैफाली वर्मा 0 पर ही आऊट हो गई। इसके बाद स्मृति मंधाना ने 22 गेंदों पर 21 तो कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 11 गेंदों पर 10 रन बनाए। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्ज ने एक छोर संभाल लिया। उन्हें ऋचा घोष का बाखूबी साथ मिला। जेमिमा ने 26 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 30 रन बनाए। इसके बाद ऋचा का साथ दीप्ति शर्मा ने दिया। ऋचा जहां 25 गेंदों पर दो चौके और 2 छक्कों की मददसे 36 रन बनाए। इसके बाद दीप्ति ने 29 गेंदों पर 35 रन बनाकर स्कोर 144 तक पहुंचा दिया। साऊथ अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने 25 रन देकर 5 विकेट लीं। दक्षिण अफ्रीका ने 145 रन का लक्ष्य मिलते ही लॉरा और तजमीन ब्रिट्ज की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। कप्तान लॉरा ने 26 गेंदों पर 29 रन तो ब्रिट्ज ने 25 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने अनीका 3 और सुन लुस 3 का जल्द विकेट गंवा दिया। मध्यक्रम में चोल ने एक छोर संभाला लेकिन उन्हें दूसरे छोर से खास सहारा नहीं मिला। वह 20 गेंदों पर 24 रन बनाकर आऊट हो गई। इसके बाद एनेरी डर्कसन ने 16 गेंदों पर 21 रन जरूर बनाए लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी।

सुमित नागल शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर

शंघाई। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नये नियम से धोनी को होगा करोड़ों का नुकसान

मुम्बई । आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नीयमों में बदलाव से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को करोड़ों का नुकसान हो सकता है। अब आईपीएल की अगली नीलामी में उन खिलाड़ियों को अनकैप्ड की लिस्ट में रखा जाएगा जिन्होंने 5 साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और जिनके पास बीसीसीआई अनुबंध नहीं है। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और उनके पास बीसीसीआई का अनुबंध भी नहीं है हालांकि नियमों के अनुसार वह 2025 आईपीएल खेलने के पात्र हैं। धोनी ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2019 में खेला था। धोनी ने आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. उन्हें तब सीएसके ने 12 करोड़ में रिटेन किया था। वहीं अब अगर सीएसके धोनी को बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन करती है तब उनके वेतन में करोड़ों की कमी करनी पड़ेगी। नए नियम के तहत अनकैप्ड खिलाड़ियों को 4 करोड़ रुपए में रिटेन किया जाएगा। ऐसे में धोनी को करीब 66.67 प्रतिशत का घाटा होगा। आईपीएल में हमेशा से ऐसा रहा है कि मेगा नीलामी में हर बार विदेशी और भारतीय प्लेयर रिटेन करने की सीमा तय होती थी पर इस बार विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों को रिटेन करने की कोई सीमा नहीं है। फ्रेंचाइजी चाहें तो पांचों भारतीय या पांचों विदेशी प्लेयर्स को भी रिटेन कर सकती हैं।

टी20 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम : मंधाना

दुबई (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम गुरुवार से शुरु हो रहे टी20 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। मंधाना ने माना कि यहां की तेज गरमी से खिलाड़ियों को परेशानी होगी पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के दौरान इस प्रकार के बहाने नहीं बनाये जा सके। आपको हर प्रकार के हालातों में खेलने के लिए तैयार रहना होता है। भारतीय टीम अपना पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 अक्टूबर को खेलेगी। इसके बाद, टीम 6 अक्टूबर को उसे पाकिस्तान से खेलना है।

स्मृति ने कहा, दोपहर का मैच गर्मी के कारण चुनौतीपूर्ण होने वाला है पर जब आप भारत के लिए खेलते हैं, तो कोई बहाना नहीं होता है। आपको अच्छी तरह से तैयारी करनी होती है, और मुझे लगता है कि हमारे पास हालातों के अनुकूल तैयारी करने के लिए थोड़ा समय है। मुझे भरोसा है कि जब तक हम पाक का मुकाबला करेंगे तब तक मानसिक रूप से तैयार हो जाएंगे। हमें मजबूत बने रहने की जरूरत है। हम अन्य टीमों की तुलना में कुछ हद तक गर्मी के आदी हैं पर अभ्यास के पहले कुछ दिन यहां काफी थकान भरे रहे। तैयारी हालांकि अच्छी रही है और यहां आने से पहले हमने बेंगलुरु में एक शानदार कैंप लगाया था, जहां हमने सभी बातों पर ध्यान दिया था।

महिला क्रिकेट में भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता को लेकर कहा, मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला किसी और चीज से ज्यादा प्रशंसकों की भावनाओं से जुड़ा है। ऐसा नहीं है कि खिलाड़ी एक-दूसरे से बात नहीं करते, यह दोनों देशों की भावनाएं हैं जो इसे इतना रोमांचक बनाती हैं। भारतीय टीम टूर्नामेंट के ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।

विश्व शतरंज रैंकिंग : अर्जुन , गुकेश और दिव्या नें बिखेरी चमक

नई दिल्ली । विश्व शतरंज संघ नें आज अक्टूबर महा की रेटिंग जारी कर दी है और 45वें शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदज जीतने वाले भारत के खिलाड़ियों की रैंकिंग में इसका असर साफ दिखाई दे रहा है । भारत के लिए पुरुष वर्ग में अर्जुन एरीगैसी ओरु डी गुकेश नें और महिला वर्ग में दिव्या देशमुख नें अपने खेल जीवन की सर्वोच्च विश्व रैंकिंग हासिल कर ली है । पुरुष वर्ग में नॉर्वे के 34 वर्षीय मैगनस कार्लसन 2831 रेटिंग के साथ पहले और यूएसए के 37 वर्षीय हिकारु नाकामुरा 2802 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है । वहीं तीसरे स्थान पर 2797 रेटिंग अंको के साथ भारत के 21 वर्षीय अर्जुन एरिगासी नें जगह बना ली है उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना को 2796 अंको के साथ चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है , वहीं आगले माह विश्व शतरंज चैंपियनशिप खेलने जा रहे भारत के 18 वर्षीय डी गुकेश नें भी 2794 अंको के साथ अपने खेल जीवन में पहली बार शीर्ष 5 में जगह बना ली है , अन्य भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2751 अंको के साथ 11वें , 2746 रेटिंग एक साथ प्रज्ञानन्दा 12वें , 2726 रेटिंग के साथ विदित 26वें, 2698 रेटिंग के साथ अरविंद चितांबरम 33वें और 2688 रेटिंग के साथ पेंटाला हरीकृष्णा 42वें स्थान पर है । महिला वर्ग में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में तो कोई खास बदलाव नहीं आया है पर शतरंज ओलंपियाड में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत के दिव्या देशमुख 2501 रेटिंग के साथ पहली बार 2500 रेटिंग पर और विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुँच गयी है , 2530 अंको के साथ अभी भी कोनेरु हम्पी दुनिया की छठे और भारत की शीर्ष खिलाड़ी बनी हुई है । 2493 अंको के साथ हरिका द्रोणावल्ली 14वें ,2487 अंको के साथ आर वैशाली 15वें , 2396 अंको के साथ तानिया 54वें और 2392 अंको के साथ वैशाली 58वें स्थान पर है । टीम रैंकिंग में भारत नें महिला पुरुष और मिक्स वर्ग में अपना दूसरा स्थान कायम रखा है , पुरुष वर्ग में यूएसए 2730 अंक , भारत 2717 अंक और चीन 2678 अंको के साथ शीर्ष टीम में है जबकि महिला वर्ग में चीन 2486 अंक, भारत 2421 अंक और उक्रेन 2391 अंक के साथ शीर्ष तीन में शामिल है ।

ईरानी कप : भारतीय टीम से लौटे सरफराज खान ने ठोका शतक, लगाए 14 चौके

स्पोर्ट्स डेस्क । सरफराज खान ने ईरानी कप में मुंबई की टीम में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2 अक्टूबर बुधवार को शेष भारत के खिलाफ अपना 15वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। लखनऊ के एकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन लंच से पहले सरफराज ने 150 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

मुंबई के इस बल्लेबाज को हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। ईरानी कप में खेल शुरू होने से पहले उन्हें टीम से रिलीज कर दिया गया था। सरफराज ने बांग्लादेश के खिलाफ किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि केएल राहुल उनसे आगे थे। सरफराज पहले दिन मुंबई के 4 विकेट पर 139 रन पर बल्लेबाजी करने आए थे। इसके बाद उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन के लिए मैच को संभाला।

रहाणे और सरफराज ने पहले दिन के अंत तक 98 रन जोड़े और सुनिश्चित किया कि मुंबई 4 विकेट पर 237 रन बनाए। दूसरे दिन दोनों ने 43 रन और जोड़े, लेकिन रहाणे 97 रन बनाकर यश दयाल की गेंद पर आउट हो गए और शतक से चूक गए। इसके बाद सरफराज के साथ शम्स मुलानी क्रीज पर आए, लेकिन वह ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और मुकेश कुमार ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसका मतलब था कि सरफराज को अब चीजों को संभालना था और खुलकर रन बनाने थे। उनके साथ तनुश कोटियन आए और दोनों ने 58 रन बनाए और मुंबई को लखनऊ में लंच तक 6 विकेट पर 338 रन तक पहुंचाया।

पिछले ओवर में करीबी मुकाबले से बचने के बाद सरफराज ने 92वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। मुंबई के बल्लेबाज ने लंच तक 155 गेंदों पर 103 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें उनके नाम 14 चौके शामिल थे।

'मैं मैदान पर जडेजा से परेशान हो जाता हूँ क्योंकि...': स्टीव स्मिथ

मुंबई (एजेंसी)। शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया कि भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा मैदान पर उन्हें परेशान करते हैं क्योंकि वह एक अच्छे खिलाड़ी हैं और हमेशा लड़ाई में शामिल होने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के करीब आते ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने अपने विचार साझा कर रहे हैं कि उन्हें टीम इंडिया में कौन सबसे ज्यादा परेशान करने वाला या मजेदार लगता है।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्मिथ ने कहा, 'मैं मैदान पर जडेजा से परेशान हो जाता हूं, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वह हमेशा लड़ाई में शामिल होने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते हैं, चाहे वह रन बनाना हो, विकेट लेना हो या शानदार कैच लेना हो। यह कभी-कभी थोड़ा परेशान करने वाला हो सकता है, लेकिन वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं।'

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने स्मिथ का समर्थन करते हुए कहा, 'शायद जडेजा।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 टेस्ट मैचों में जडेजा ने 23 पारियों में 28.50 की औसत से 570 रन बनाए हैं जिसमें पांच अर्द्धशतक और 81 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने पांच पारियों में 43.75 की औसत से 175 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 89 विकेट लिए हैं जिनमें से 14 ऑस्ट्रेलिया में आए हैं।

इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को भारतीय टीम में एक और खिलाड़ी मजेदार लगा। उन्होंने कहा, 'ट्रिगर। मैं इसे बाद के लिए बचाकर रखूंगा, अन्यथा मेरे पीछे बहुत सारे भारतीय खिलाड़ी पड़ जाएंगे। लेकिन मुझे हमेशा सबसे मजेदार ऋषभ पंत लगता है। वह हमेशा मजाकिया रहता है, खूब हंसता है और खेल को सही भावना से खेलता है।' पंत का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 7 मैचों और 12 पारियों में 62 से अधिक की औसत से 624 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159* है।

ट्रेविस हेड ने विराट कोहली की ओर इशारा करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि बहुत से लोग विराट का नाम लेंगे, सिर्फ इसलिए कि वह कितने अच्छे हैं। वह हमेशा रन बनाते रहते हैं और उनकी ऊर्जा हमेशा बनी रहती है। वह हमेशा आपके साथ रहते हैं।' विराट का ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने 13 टेस्ट में 54.08 की औसत से 1,352 रन बनाए हैं, जिसमें 25 पारियों में छह शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 169 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 25 टेस्ट में कुल मिलाकर उन्होंने 44 पारियों में आठ शतक और पाँच अर्द्धशतक के साथ 47.48 की औसत से 2,042 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने मजाकिया अंदाज में टिप्पणी की, 'मैं सभी भारतीय खिलाड़ियों से परेशान हो जाता हूं।'

गौर हो कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी। 6 से 10 दिसंबर को एडिलेड ओवल में होने वाला दूसरा टेस्ट डे-नाइट प्रारूप में खेला जाएगा। इसके बाद प्रशंसक तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिस्बेन के गाबा की ओर अपना ध्यान करेंगे जो 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। मेलबर्न के प्रसिद्ध मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 से 30 दिसंबर के लिए निर्धारित पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट श्रृंखला को उसके अंतिम चरण में ले जाएगा। 3 से 7 जनवरी तक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाला पांचवां और अंतिम टेस्ट श्रृंखला का अंत करेगा।

पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ी सोहेल अब्बास मलेशिया के ड्रैग फ्लिक कोच बने

कराची । पाकिस्तान के महान पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ सोहेल अब्बास ने मलेशिया हॉकी परिसंघ के साथ ड्रैग फ्लिक कोच के तौर पर एक साल का करार किया है। सोहेल ने पाकिस्तान हॉकी महासंघ के साथ कोई कोचिंग करार कभी नहीं किया और दो बार पेशकश मिलने पर ठुकरा चुके हैं। वह देश के पूर्व ओलंपियनों और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से भी दूर रहते हैं। पाकिस्तान के लिए उन्होंने 311 मैचों में 348 गोल किए हैं। वह मलेशिया के मुख्य कोच सुरजीत सिंह के साथ काम करेंगे।

नवरात्रि में ये सरकार दे रही फी में 2 किलो आटा और 1 किलो चीनी

नई दिल्ली। राशन कार्ड धारकों के लिए केंद्र की मोदी सरकार की ओर फी राशन योजना चल रही है। इस योजना का लाभ सभी कार्ड धारक लेते हैं। वैसे राशन कार्ड गरीब और जरूरतमंद लोगों का ही बनाया है। अपने देश में अब भी राशन कार्ड से करोड़ों लोग अनाज लेते हैं। यह देखकर पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा सरकार ने राज्य के लोगों के लिए बड़ा तोहफा दिया है। जिसके तहत राज्य के लोगों राशन के साथ ही कुछ और भी फी देने की घोषणा की है। आगामी नवरात्रि को ध्यान में रखकर त्रिपुरा सरकार ने सभी राशन कार्ड धारकों को फी में 2 किलो आटा और 1 किलो चीनी देने का ऐलान किया है। इसके साथ-साथ राशन लेने वाले लोगों को दुर्गा पूजा से पहले 500 ग्राम सूजी भी फी में दी जाएगी। त्रिपुरा सरकार के तोहफे को लेकर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ये सब सामान पहले भी दिया जाता था। जिसके लिए रियायती दरें ली जाती थीं। हालांकि इस बार त्रिपुरा सरकार की ओर से नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार फी में दे रही है। राज्य सरकार द्वारा किए गए त्रिपुरा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार हर साल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सामान रियायती दरों पर उपलब्ध कराती है। लेकिन इस बार सरकार ने विशेष ऑर्डर के तहत लोगों को फी में देने लिया है। चूंकि बाढ़ से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। यह ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उपभोक्ता मंत्री चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार जल्दी ही पुराने राशन कार्डों को बदलकर स्मार्ट कार्ड में बदलेगी। इसके तहत सभी को नया राशन कार्ड जारी होगा।

साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाया

साहिबगंज। साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बदमाशों ने बम से उड़ा दिया है। इसमें ट्रैक का 470 सेंटीमीटर टुकड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि रेलवे ट्रैक का हिस्सा 39 मीटर दूरी जा गिरा। ब्लास्ट के बाद ट्रैक में 770 सेंटीमीटर का गैप आ गया। वहीं 3 फीट गहरा गड?ढा हुआ है। मौके पर रेलवे और पुलिस के बड़े अधिकारी पहुंचे हुए हैं। घटना लगभग रात के 12 बजे की है। घटना के बाद कोयला लोड गाड़ी पोल संख्या42/2 के पास खड़ी है। वहीं घटना के संबंध में रेलवे नाइट गार्ड जीतेंद्र कुमार शाह ने बताया कि मेरी ड्यूटी इसी लाइन में शाम चार बजे से रात 12 बजे तक रहती है। मैं ड्यूटी में ही था। कई बार की जांच के दौरान में रात 10 बजे तक लाइन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं थी। रात 12 बजे के करीब धमाके जैसी आवाज आई। हालांकि इस लाइन में पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई तब लगा कि टायर फटा होगा। मेरी ही लाइन में घटना घटी इसका पता नहीं चल सका। ड्यूटी खत्म कर मैं घर चला गया। सुबह फोन पर जानकारी मिली की ऐसी घटना हुई है।

मणिपुर में नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी...3 लोगों की मौत

नई दिल्ली। मणिपुर के उखरुल जिले में नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हुई और 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक ही जमीन पर दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों गुटों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है। दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले के लीशांग गांव के पास अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के टाउन कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जिले के कपरंग गांव के निवासी सेखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई।

ईरान पर इजराइल के घातक पलटवार से सहमी दुनिया

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में चल रहे गंभीर तनाव के बीच, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती तनातनी ने चिंता को बढ़ा दिया है। हाल ही में, इजरायल ने एक ऑपरेशन कर हिज्बुल्लाह प्रमुख को मार गिराया, जिसके बाद ईरान ने बदला लेने की धमकी दी थी। मंगलवार देर रात, ईरान ने इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें दाग दीं। इस हमले ने पहले से ही अस्थिर मिडिल ईस्ट की स्थिति को और अधिक जटिल बना दिया है। दोनों देशों के बीच बढ़ता तनाव केवल इजरायल और ईरान तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर होगा। सोशल मीडिया पर भी मुद्दे को लेकर गंभीर चर्चाएं हो रही हैं। कई लोग ईरान के साथ खड़े हैं, जबकि अन्य इजरायल के समर्थन में हैं। इस बीच, कुछ लोग लंबी जंग की आशंका को लेकर चिंतित हैं। वहीं ईरान के मिसाइल हमले के बाद, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने मिसाइल दागकर बहुत बड़ी गलती की है। उन्होंने सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में कहा कि ईरान को इसके परिणाम भुगताना होगा। वहीं ईरान के हमले के बाद, दुनिया भर से मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही हैं। अमेरिका ने हमले की कड़ी निंदा कर इजरायल को सैन्य सहायता की पेशकश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है। वहीं, यूरोपीय यूनियन और संयुक्त राष्ट्र ने तनाव को कम करने और शांति बहाल करने की अपील की है। कुछ अरब देशों ने इस हमले के बाद क्षेत्र में संभावित बड़े संघर्ष की चिंता जाहिर की है, जबकि कुछ ने ईरान के समर्थन में खड़े होने का संकेत दिया है।

ईरान और इजराइल के बीच जंग के असर... कई दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों ने बदले रुट

- कई एयरलाइंस कंपनियों ने रद्द कर दीं उड़ानें

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और इजराइल में तनाव बढ़ने का असर दुनियाभर में दिख रहा है। इस बीच विमानन क्षेत्र गहरा असर पड़ा है। मिडिल ईस्ट में जंग के बीच कई दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों ने अपने रास्ता बदल लिया है या फिर सस्पेंड फ्लाइट्स की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है। पहले इजराइल-फिलिस्तीन, फिर इजराइल और हिजबुल्लाह और अब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष ने लुफ्थांसा से लेकर अमीरात तक की उड़ानों को प्रभावित किया है। एअर इंडिया ने भी दोनों देशों के बीच बढ़ते संघर्ष पर चिंता जाहिर की है।

वहीं कई एयरलाइनों ने इजराइल और लेबनान के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन को आगे बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, लुफ्थांसा, केएलएम, अमीरात और स्विस एयरलाइंस सहित टॉप एयरलाइनों ने इजराइल, ईरान और लेबनान के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन की घोषणा की है।

युद्ध बढ़ने की आशंका के चलते डच एयरलाइन केएलएम ने कहा है कि कंपनी ने क्षेत्र की नाजुक स्थिति को देखकर साल के अंत तक तेलअवीव के लिए अपनी सभी उड़ानें सस्पेंड कर दी हैं। रिपोर्ट में एयरलाइंस के प्रवक्ता ने हवाले से जानकारी दी गई है। बता दें कि अगस्त में केएलएम एयरलाइंस ने ऐलान किया था कि इजराइल के लिए सभी उड़ानें 26 अक्टूबर तक निलंबित की गई हैं, लेकिन अब इस डेडलाइन को बढ़ा दिया गया है।

वहीं जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने कहा कि वह 30 नवंबर तक बेरूत, 31 अक्टूबर तक तेल अवीव और 14 अक्टूबर तक तेहरान के लिए उड़ानें निलंबित कर रही है। इससे पहले दुबई की अमीरात एयरलाइंस ने गुरुवार की इराक, ईरान और जॉर्डन की उड़ानें कैंसिल की हैं और बेरूत की उड़ानों का निलंबन 8 अक्टूबर तक बढ़ाया है। कुवैत एयरलाइंस ने कुछ रूट्स को चेंज किया है, डेस्टिनेशन टाइमिंग पर असर पड़ा है। एयरलाइन ने कहा है कि यह जरूरी सुरक्षा उपायों के तहत किया गया फैसला है। ईरान एयर, इराकी एयरवेज, बहरीन स्थित गल्फ एयर और दोहा स्थित कतर एयरवेज ने भी अगली सूचना तक बेरूत के लिए सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। वहीं एयर अरेबिया ने बेरूत के लिए अपनी सभी उड़ानें सस्पेंड कर दी हैं। फिलाय दुबई ने अपनी दुबई-बेरूत उड़ान को 7 अक्टूबर तक के लिए रद्द कर दिया है।

रॉयल जोडर्न ने मौजूदा स्थिति के बीच लेबनान की राजधानी के लिए उड़ानें निलंबित की हैं। आईटीए एयरलाइंस इटली ने तेल अवीव की उड़ानों के निलंबन को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। ब्रिटिश एयरलाइन ने तेल अवीव की उड़ानों को 7 अक्टूबर तक रद्द कर दिया है। एयर फ्रांस ने भी घोषणा की कि उसकी पेरिस-तेल अवीव और पेरिस-बेरूत उड़ानें 8 अक्टूबर तक रद्द हैं।

इस बीच भारत की एअर इंडिया ने कहा कि हम मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष पर बारीकी से निगाह रखे हुए हैं और सुरक्षा जोखिमों का मूल्यांकन जारी है। कंपनी ने कहा है कि चाहे वह मिडिल ईस्ट हो या फिर रूट नेटवर्क के अन्य हिस्से सुरक्षा के लिए जरूरी एडजस्टमेंट किया जाएगा।

विदेशों में साइबर गुलाम बने 30 हजार भारतीय, सबसे ज्यादा पंजाब के लोग

नई दिल्ली। अलग अलग देशों में टूरिस्ट वीजा पर गए करीब 30 हजार भारतीय वापस नहीं लौटे हैं। इसमें सबसे ज्यादा लोग पंजाब-3,667, महाराष्ट्र- 3,233, तमिलनाडु राज्य-3,124 से हैं। अन्य राज्यों से जाने वाले लोगों की संख्या काफी कम है। कंबोडिया, थाइलैंड, म्यांमार और वियतनाम में विजिटर वीजा पर जाने वाले भारतीयों को लेकर आशंका है कि इन्हे साइबर गुलाम बना लिया गया है और साइबर क्राइम कराया जा रहा है। गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली आप्रवासन ब्यूरो ने एक डेटा तैयार किया और उसमें इसकी जानकारी मिली है कि कंबोडिया, थाइलैंड, म्यांमार और वियतनाम में विजिटर वीजा पर जनवरी 2022 से मई 2024 के बीच 73,138 यात्री भारत से यात्रा पर गए थे। इसमें से 29,466 भारतीय अभी तक वापस लौटे नहीं हैं। इसमें 20-39 आयु वर्ग के लोगों की संख्या करीब आधी यानी 17,115 है। ये जानकारी रिपोर्ट से मिली। इसमें 90 परसेंट लोग पुरुष हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशंका जताई जा रही है कि इन लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है और भारत में रह रहे लोगों के साथ साइबर ठगी करने का दवाब बनाया जा रहा है। इन लोगों को नौकरी का लालच देकर साइबर गुलाम बनाया है। सूत्रों का हवाला देते हुए बताया है कि केंद्र सरकार की एक उच्च स्तरीय समिति ने अब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों सत्यापन करने और इन लोगों की डिटेल्स लेने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि हाल ही भारत में साइबर ठग के कई केस सामने आए हैं, जहां लोगों को अलग-अलग झांसे देकर लूटा जा रहा है। साइबर गुलामी के तहत काम करने वाले लोगों पर दवाब बनाया जाता है। इसमें इंटरनेट पर मौजूद प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को टारगेट किया जाता है। भारतीय होने की वजह से कई लोग हिंदी और स्थानीय भाषा बोल सकते हैं। इस तरह के झांसे में कई लोग फंस जाते हैं, उसके बाद वे अपने लाखों रुपये गंवा देते हैं।

मोदी-शाह की सोच में रोजगार देना नहीं, केवल भाषण देना है: खड़गे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच बयानबाजी का अब एक नया दौर शुरू हो गया है, जिसमें दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर तीखे बाण चलाए हैं। यह विवाद उस समय बढ़ गया जब खड़गे ने जम्मू-कश्मीर में एक चुनावी सभा के में कहा था कि वह तब तक जिंदा रहेंगे जब तक पीएम मोदी को सत्ता से नहीं हटाया देंगे।

अब कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने फिर से केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि मोदी-शाह की सोच में रोजगार देना नहीं, बल्कि केवल भाषण देना, फोटो खिंचाना और फीता काटना शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि जम्मू में सरकारी विभागों में 65 फीसदी पद खाली हैं और स्थानीय लोगों को नौकरियों से वंचित किया जा रहा है। यह बढ़ते आरोप-प्रत्यारोप आने वाले समय में राजनीतिक माहौल को और गरमा देंगे, जिससे यह स्पष्ट है कि दोनों दल अपने-अपने एजेंडों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

खड़गे ने जम्मू-कश्मीर में आयोजित सभा में मोदी की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा था पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर आकर युवाओं के भविष्य के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। असलियत ये है कि पिछले दस सालों में पूरे देश के युवाओं को अंधकार में धकेल दिया गया है। उन्होंने बेरोजगारी के हालिया आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि यह पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा है और इसके लिए मोदी जिम्मेदार हैं।

इस बयान पर अमित शाह ने खड़गे के बयान को घटिया और शर्मनाक बताया था। शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था- खड़गे ने अपने भाषण में न केवल पीएम मोदी को घसीटा, बल्कि कांग्रेस के नेताओं और अपनी पार्टी के खिलाफ भी शर्मनाक बातें कहीं। शाह ने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस के नेताओं में मोदी के प्रति कितना डर और नफरत है। शाह ने आगे कहा कि जहां तक खड़गे के स्वास्थ्य की बात है, पीएम मोदी उनके दीर्घायु और स्वस्थ रहने की प्रार्थना करते हैं। हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होते देखें।

पान और गुटखा खाकर रोड पर थूकने वालों की अखबार में छापनी चाहिए फोटो, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने दिया आइडिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पान मसाला, गुटखा खाने और सड़क पर थूकने वालों से निपटने के लिए एक अनोखा आइडिया दिया। गडकरी ने कहा कि पान, मसाला और गुटखा खाकर सड़क पर थूकने वालों की फोटो खींचकर अखबार में छपवाई जाए। गडकरी गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत को लेकर नागपुर नगर निगम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके अलावा, गडकरी ने सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वालों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोग बहुत होशियार हैं, चॉकलेट खाते हैं और उसके रैपर सड़कों पर फेंक देते हैं और वही व्यक्ति जब विदेश जाता है तो चॉकलेट का रैपर अपनी जेब में रखता है, विदेश में अच्छा व्यवहार करता है और यहां सड़क पर फेंक देता है।

गडकरी ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि वह आजकल जब भी चॉकलेट खाते हैं तो घर पहुंचने के बाद चॉकलेट का रैपर फेंक देते हैं. पहले उसे शराब पीने के बाद उसका रैपर बाहर फेंकने की भी आदत थी। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गांधी जयंती को स्वच्छ भारत के प्रतीक दिवस के रूप में समर्पित किया है। हर साल, सरकार और अन्य राज्य संस्थान इसके आसपास स्वच्छता अभियान (स्वच्छता अभियान) या कार्यक्रम आयोजित करते हैं। पीएम मोदी आज पंडारा पार्क के एक स्कूल पहुंचे और झाड़ू लगाकर इलाके में सफाई की। देशभर में ऐसे कई आयोजन किये गये. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी संसद परिसर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

10 प्र. सीटें आवंटित की जाएंगी, फडणवीस के वोट जिहाद वाले बयान के बाद अजित पवार ने मुस्लिमों को दिया आश्वासन

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले एनसीपी-एपी प्रमुख अजीत पवार ने महायुति सीट बंटवारे के बाद अल्पसंख्यकों को 10 प्रतिशत टिकट देने की घोषणा की। महाराष्ट्र के बीड में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए पवार ने यह घोषणा की। अपने संबोधन के दौरान पवार ने कहा कि इस बार होने वाले चुनाव के संबंध में मैं अपने अल्पसंख्यक समुदाय को बताना चाहता हूं कि महायुति के सीट बंटवारे में एनसीपी को जो भी सीटें मिलेंगी, उनमें से 10 फीसदी मैं अल्पसंख्यक समुदाय को दूंगा। अपना बयान देते हुए उन्होंने बीजेपी विधायक नीतीश राणे पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने यह फैसला लिया है। मैं सभी जातियों और धर्मों को मानने वाले शिव-शाहू फुले का समर्थक हूं। डिप?टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को दावा करते हुए कहा कि हालिया लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 14 में वोट जिहाद देखा गया। पवार ने नाम लिए बिना कहा कि कुछ 'बेलगाम बयानवीर' अलग धर्म, संप्रदाय और समुदाय के खिलाफ बयान देते हैं अलग, यह सही नहीं है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब उनके साथी उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फड़नवीस ने यह सुनिश्चित किया कि महायुति वोट जिहाद के कारण 48 में से 14 सीटें हार गई। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, महायुति में गठबंधन सहयोगी सीट बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुंबई के सह्याद्रि गेस्ट हाउस में अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल के साथ करीब एक घंटे तक बैठक की, गौरतलब है कि 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने हाल ही में कई हितधारकों से मुलाकात की और बाद में घोषणा की कि विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है और चुनाव उससे पहले पूरा करना होगा।

प्रशांत किशोर ने की जन सुराज पार्टी लॉन्च, कार्यक्रम में पहुंचे दिग्गज

*** मनोज भारती को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष**

पटना (एजेंसी)। राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी रणनीतिकार का काम करते-करते खुद राजनीतिक मैदान में उतरने वाले प्रशांत किशोर ने पटना में बुधवार को एक कार्यक्रम में अपनी नई पार्टी को लॉन्च किया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी का नाम जन सुराज रखा है और इसके कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती को बनाया है। अब इससे बिहार के राजनीतिक गलियारे में क्या बदलाव आता है, यह देखने वाली बात होगी।

पार्टी लॉन्च कार्यक्रम में प्रशांत किशोर ने राजनीतिक भविष्य से जुड़ी बातें भी कीं। उन्होंने पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में बुधवार को जमा हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत दिन से जन सुराज अभियान चलाया जा रहा है। पिछले करीब दो-ढाई सालों से यह चल रहा है। ऐसे में सभी लोग पूछ रहे कि हम पार्टी कब बनाएंगे। इसलिए आज आप सभी यहां पार्टी बनाने के लिए जुटे हैं। भगवान को धन्यवाद देना चाहिए, कि आज चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर जन सुराज को जन सुराज पार्टी के तौर से स्वीकार कर लिया है। इसी दौरान पूरे जोश के साथ पीके ने मौजूद जनता से सवाल किया- नाम ठीक है? यदि आप सभी मना करते हैं तो चुनाव आयोग के पास फिर से आवेदन दिया जाएगा, आप बताएं जन सुराज पार्टी नाम ठीक है? सभी ने अप्रूव कर दिया। इसी के साथ पीके का दावा, था कि मैदान में 5 हजार से ज्यादा नेता आए हुए हैं। इस पार्टी लॉचिंग कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन समेत अनेक मशहूर हस्तियां मौजूद थीं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर मनोज भारती का नाम आगे बढ़ाया गया है, जो पदभार ग्रहण करने के साथ ही पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम शुरु करेंगे।

चुनाव से पहले राम रहीम को पैरोल... बाहर आते ही डेरे का सियासी खेल शुरू

हिसार (एजेंसी)। हरियाणा चुनाव के बीच डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम बुधवार सुबह 6 बजे जेल से रिहा हो गया। राम रहीम को 3 शर्तों के साथ 20 दिन की पैरोल मिली है। जिसमें राजनैतिक कार्यक्रम न करना भी शामिल है।

हालांकि राम रहीम के बाहर आते ही डेरे का सियासी खेल शुरू हो गया है। राम रहीम की पैरोल की खुशी में डेरे ने हरियाणा के हर ब्लॉक में नाम चर्चा रखी गई है। जो बुधवार और गुरुवार तक चलेगी। 5 अक्टूबर को प्रदेश में वोटिंग होगी है। माना जा रहा है कि नाम चर्चा के दौरान ही डेरे की तरफ से राम रहीम का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा कि उन्हें अंदरखाने किसे सपोर्ट करना है।

यह बात अलग है कि डेरा हमेशा चुनाव में किसी एक पार्टी को सपोर्ट करने से इंकार करता है, लेकिन पैरोल के समय को देखकर विरोधी इस लेकर सवाल उठाते रहते हैं। अगर डेरे के वोटर एकतरफा हुआ तब उन सीटों पर इसका असर पड़ सकता है, जहां 2 उम्मीदवारों और खासकर भाजपा-कांग्रेस के बीच काटे का मुकाबला है।

चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि हरियाणा सरकार से कहा गया है कि अगर राम रहीम आचार संहिता या शर्तों का उल्लंघन करता है, तब पैरोल तुरंत कैंसिल होगी। हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। इसी वजह से राम रहीम की पैरोल को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। हरियाणा की 36 सीटों डेरे से जुड़े श्रद्धालुओं का वोट बैंक है। यौन शोषण और मर्डर केस में राम रहीम रोहतक जेल में सजा काट रहा है। पैरोल के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में रहेगा।

राजस्थान और मध्य प्रदेश को खून से रंगने की धमकी... दोनों राज्यों की पुलिस अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के महाकाल मंदिर सहित कुछ रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। राजस्थान में हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन सुपरिंटेंडेंट को धमकी भरा पत्र मिला है। पत्र में मध्यप्रदेश-राजस्थान के रेलवे स्टेशन, महाकाल मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में विस्फोट करने की बात लिखी है। धमकी देने वाले ने खुद को जैश-ए-मोहम्मद का जम्मू-कश्मीर एरिया कमांडर मोहम्मद सलीम अंसारी बताया है। धमकी के बाद उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मीडिया के जरिए सूचना मिली है। हम सतर्कता बरत रहे हैं। राजस्थान पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई होगी। महाकाल मंदिर के आसपास पुलिस ने डॉग स्क्वॉड के साथ सर्चिंग शुरू की है।

राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन सुपरिंटेंडेंट नागेंद्र सिंह को पीले रंग का लिफाफा मिला। पत्र डिप्टी सुपरिंटेंडेंट जगत नारायण के नाम से था। सिंह ने बताया कि पत्र में राजस्थान और मध्य प्रदेश को खून से रंगने की बात लिखी थी। पत्र जीआरपी को सौंप दिया है। इसमें जम्मू-कश्मीर में जिहादियों की हत्या का बदला लेने के लिए स्टेशनों और उज्जैन महाकाल को बम से उड़ाने की धमकी लिखी है।

लेटर में लिखा है

हे खुदा मुझे माफ कर, जम्मू-कश्मीर में मारे जा रहे हमारे जिहादियों की मौत का बदला जरूर लिया जाएगा। हम ठीक 30 अक्टूबर को जयपुर, जोधपुर, अलवर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, बूंदी, उदयपुर, बीकानेर, जयपुर मंडल, मध्य प्रदेश के भी रेलवे स्टेशन, 2 नवंबर को उज्जैन महाकाल मंदिर, जयपुर के कई धार्मिक स्थानों, रेलवे स्टेशन और सैन्य अड्डों को बम से उड़ा दिया जाएगा। राजस्थान और मध्य प्रदेश को खून से रंग दिया जाएगा। जैश-ए-मोहम्मद, खुदा हाफिज।

3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़े तिरुपति मंदिर पहुंचे डिप्टी सीएम पवन कल्याण

तिरुपति। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में डिप्टी सीएम पवन कल्याण की 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा जारी है। इस बीच पवन ने प्रायश्चित के तहत 1 अक्टूबर से तीन दिनों के लिए तिरुपति मंदिर यात्रा पर हैं। वे 3 अक्टूबर तक चप्पल या जूता नहीं पहनने वाले है। उन्होंने 1 अक्टूबर की देर रात तिरुमाला पहुंचने के बाद तिरूपति के अलीपिरी के रास्ते करीब 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़ीं। फिर गायत्री निलयम गेस्ट हाउस में रात गुजारी। पवन बुधवार को श्रीवारा में तपस्या की दीक्षा लेने वाले है। वह 3 अक्टूबर को दीक्षा खत्म होने के बाद वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करने वाले है। बुधवार को पवन कल्याण की दोनों बेटियां भी तिरुपति पहुंची। छोटी बेटी पोलिना अंजनी कोनिडेला ने मंदिर जाने से पहले भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा की घोषणा पत्र पर साइन किए। मंदिर के नियमों के अनुसार, गैर-हिंदुओं और विदेशियों को मंदिर में जाने से पहले देवता में विश्वास की घोषणा पर साइन करना होता है। पोलीना पवन कल्याण और उनकी तीसरी पत्नी अन्ना लेजनेवा की बेटी हैं। पोलीना और उनके अपने भाई मार्क प्रवासी भारतीय हैं। पवन कल्याण की पहली पत्नी रेनू देसाई से हुई बेटी आद्या भी पोलीना के साथ मंदिर गईं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**